हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

कांग्रेस ने विरोध में घेरा डीईओ दफ्तर, कार्रवाई की मांग

परीक्षा निरस्त कर कार्यक्रम में बच्चों को भेजने से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तिमाही परीक्षा छोड़कर आए थे बख्शी स्कूल के बच्चे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए गए जल, जन सेवा संकल्प यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों की परीक्षा निरस्त कर उन्हें कार्यक्रम में भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया और कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

बीते मंगलवार को शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शासकीय आत्मानंद बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल के विद्यार्थियों को आयोजन में शामिल होने भेजा गया। मंगलवार को ही इन विद्यार्थियों की अंतिम तिमाही परीक्षा भी आयोजित थी, लेकिन प्राचार्य द्वारा स्कूल में होने वाली इस परीक्षा को उच्च अधिकारियों और शिक्षा विभाग के बिना किसी लिखित आदेश एवं अनुमति के निरस्त कर दिया गया। वहीं बच्चों को आयोजन में भेज दिया गया। जिससे उनकी परीक्षा नहीं हो पाई। परीक्षा निरस्त कर बच्चों को राजनीतिक कार्यक्रम में भेजे जाने का मामला सामने आते ही कांग्रेस द्वारा कड़ा विरोध किया गया।



नहीं दिया गया आदेश

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते कांग्रेस ने परीक्षा निरस्त करने को लेकर शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा, जिस पर शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि प्राचार्य को किसी भी तरह का आदेश परीक्षा निरस्त करने और कार्यक्रम में बच्चों को भेजने के लिए नहीं दिया गया था।

नोटिस की जारी

यह गंभीर त्रुटि है, बिना अनुमति परीक्षा निरस्त करने को लेकर प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है और 2 दिन के भीतर उनका जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

-प्रवास सिंह बघेल,
जिला शिक्षा अधिकारी

नहीं ली गई अनुमति

'शहर के शासकीय बक्शी स्कूल की प्राचार्य द्वारा बच्चों को कार्यक्रम में भेजने और शिक्षा संचनालय से जारी शेड्यूल की परीक्षा को निरस्त करने के लिए कोई भी विभागीय अनुमति नहीं मांगी गई। इसके अलावा परीक्षा निरस्त करने को लेकर अभिभावकों को भी जानकारी नहीं दी गई। प्राचार्य ने समग्र शिक्षा के अधिकारी के मौखिक आदेश पर बच्चों को कार्यक्रम में भेजने की बात कही है। इस पूरे मामले की जांच के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कमेटी बना दी गई है। घेराव करने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, अशोक पंजवानी, झम्मन देवांगन, प्रवीण मेश्राम, रोहित चंद्राकर, चेतन भानुशाली, राजा यादव, विशु अजमानी, संदीप सोनी, अरुण देवांगन, अवधेश प्रजापति, सुरेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशासनिक एवं शैक्षणिक लापरवाही मामला : मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि तिमाही परीक्षा निरस्त कर विद्यार्थियों को राजनीतिक कार्यक्रम में ले जाने का कांग्रेस कमेटी कड़ी निंदा और विरोध करती है। उन्होंने बताया कि शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा निरस्त कर लगभग 250 विद्यार्थियों को कार्यक्रम में भेजा गया। यह अत्यंत गंभीर प्रशासनिक एवं शैक्षणिक लापरवाही का विषय है। उन्होंने कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन और भविष्य से जुड़ी होती है। किसी राजनीतिक दल अथवा उससे जुड़े कार्यक्रम को विद्यार्थियों की निर्धारित परीक्षा से ऊपर रखना शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने मांग की है।

राइस मिल में घुसकर विवाद, तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राइस मिल में रात के समय नशे में घुसकर विवाद करने के मामले में पुलिस ने तीन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र अंतर्गत आवेदक संतोष नायक ग्राम महाराजपुर ने लिखित आवेदन पेश किया कि 29 सितंबर को अनावेदक कमलेश कुमार कंवर 23 वर्ष, वैभव कंवर 20 वर्ष व दुर्गेश कंवर 23 वर्ष निवासी ग्राम पथराटोला द्वारा शराब के नशे में गुरूदेव राइस मिल ग्राम महाराजपुर पुलिस चौकी चिचोला में घुसकर वाद-विवाद करने लगा।

जिससे आवेदक द्वारा समझाने का काफी प्रयास किया गया, जो पुलिस को बुलाए हो कहकर देख लेने का धमकी दे रहा था, जिसे संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना पर गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

चाकू लहराकर लोगों को डराया, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोपी को चिखली चौकी पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से चाकू जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई के तहत चिखली चौकी क्षेत्र में पुलिस को 29 सितंबर को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति गठुला रोड श्लोका कालोनी के पास आने-जाने वाले लोगों को चाकू लहराकर डरा-धमका कर लोगों में भय उत्पन्न कर रहा है। जिसको गिरफ्तार किया गया है।

घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस ने आरोपी अमन डोंगरे 19 साल वार्ड नं. 9 शंकरपुर को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया।











खबर संक्षेप

नमन का प्रयास विद्यालय में चयन



सड़क अतरिया। वेद विज्ञान विद्या मंदिर हिंदी माध्यम सड़क अतरिया की कक्षा दसवीं के छात्र नमन जंघेल का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। छात्र काफी होनहार एवं लगनशील है। छात्र के चयन होने पर विद्यालय के संचालक राजेश देवांगन, प्राचार्य हिन्दी माध्यम रवि चंदन, अंग्रेजी माध्यम लेखु ने बधाई दी है।

सेवा सेतु शिविर आज से

मोहला। सेवा संकल्प अभियान के तहत कल 1 से 7 अक्टूबर तक सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। कल एक अक्टूबर को वासड़ी, मानपुर एवं भड़सेना, 2 अक्टूबर को खड़खड़ी एवं मोहभट्ठा, 3 अक्टूबर को मुरेटीटोला, भर्रीटोला एवं डुमरटोला में शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 5 अक्टूबर को औंधी, आमाटोला एवं आलकन्हार, 6 अक्टूबर को दाउटोला एवं अंबागढ़ चौकी टाउन हॉल तथा 7 अक्टूबर को मोहला एवं दिघवाड़ी में शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र हितग्राहियों की मौके पर पात्रता जांच, आवेदन पंजीयन एवं योजनाओं में नामांकन की प्रक्रिया की जाएगी।

घोटिया का डीपी बॉक्स जर्जर

कलकसा। ग्राम पंचायत घोटिया में लगे ट्रांसफार्मर की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। ट्रांसफार्मर के पास लगा डीपी बॉक्स जर्जर गया है, जिसके कारण आए दिन फ्यूज उड़ते रहता है और पूरी बस्ती की बिजली गुल हो जाती है। ग्रामवासियों ने सहायक अभियंता को आवेदन सौंपा जिसमें बताया कि जर्जर डीपी बॉक्स के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है वहीं रात को दुर्घटना की आशंका रहती है। ग्रामीणों ने नवरात्रि त्यौहार से नया डीपी बॉक्स तथा 63 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में सुरेश सिन्हा, रमन कुमार, मनीष सोरी, भागचंद मंडावी, डूलेश्वर आदि शामिल हैं।

छात्रों ने जाना जल संरक्षण का महत्व



छुईखदान। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कुटेलीखुर्द के छात्र-छात्राओं के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल, जल की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा जल जीवन मिशन की गतिविधियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पेयजल स्रोतों एवं जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जल की बचत, पानी को स्वच्छ रखने, जल स्रोतों के संरक्षण और हाथों की स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। एक्सपोजर कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला समन्वयक एवं हैंडपंप तकनीशियन उपस्थित रहे।

उपसरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने अजय



अंबागढ़ चौकी। ब्लाक उप सरपंच संघ की बैठक मंगलवार को कौडीकसा के सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष के पद पर बिहरीकला पंचायत के उपसरपंच अजय अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में ब्लाक की 49 पंचायतो के उपसरपंच शामिल हुए। उपाध्यक्ष पद पर कौडीकसा के विजय फरदिया, जादूटोला की मनीषा सोनी एवं सचिव पद पर आटरा के जितेन्द्र मालेकर, सहसचिव डोंगरगांव के भाउदास जनबंधु, कोषाध्यक्ष नीचेकोहडा के सुजानिक निर्मलकर एवं सरंक्षक चिखली के राजेन्द्र श्रीवास्तव एवं मार्गदर्शक दोढके के विश्वनाथ ठलाल, मीडिया प्रभारी भर्रीटोला के आनंद मंडावी चुने गए। अध्यक्ष अग्रवाल ने बतायश्कि पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण ब्लाक मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधायक इन्द्रशाह मंडावी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बधाई दी है।

निधन



आकाश यादव

खुज्जी। ग्राम के दुर्गेश यादव के पुत्र 16 वर्षीय आकाश यादव का आकस्मिक निधन 29 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उसके निधन पर ग्रामीण जनों ने शोक व्यक्त किया है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ियों में विविध आयोजन

सेवा का संकल्प, लाभार्थियों का सम्मान







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सामाजिक सहभागिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडल क्षेत्र में एक वृहद आयोजन किया गया। अभियान के तहत क्षेत्र के 31 विभिन्न स्थानों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने समाज और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं का अभिनंदन किया।

जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 6, 7 और 10 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास की कमान संभालने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



सेवाभावी महिलाओं का सम्मान

आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन मनेरी में किया गया। कार्यक्रम में राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, मीना सोनी, चितरेखा साहू, महिला बाल विकास सभापति ममता पटेल, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, अनीता साहू, परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू आदि शामिल हुए। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन एवं महतारी वंदन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की हितग्राहियों का सम्मान किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने सराहा योगदान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन समाज की मजबूत नींव हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी निस्वार्थ भाव से जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाती हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अजू त्रिपाठी, पार्षद गायत्री यादव, पद्मिनी ठाकुर, कोमल साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, सतीश पांडे, मनोज हेमनानी, हिना जैन, अरुण जैन, पार्षद प्रियंक जैन, जन भागीदारी अध्यक्ष योगेश पटेल, संतोष सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दामेश्वरी साहू, सहायिका ललिता यादव, मितानिन रुपलता डहरे, मोनिका आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

लाभार्थियों ने किया अनुभव साझा

अर्जुनी। ग्राम पंचायत में संचालित छह आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नेहा जैन, मंडल महामंत्री दिनेश साहू, मंडल कोषाध्यक्ष विजय जैन, मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिन्हा, कार्यालय प्रभारी भैयालाल साहू एवं पूर्व सरपंच द्रौपती साहू शामिल हुई। कार्यक्रम में नागेश धनकर, ठाकुरराम सोनकर, भूषण सोनकर, लक्ष्मी सोनकर आदि की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा लोन, जननी सुरक्षा योजना अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अनुभव साझा किए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के सेवाभाव की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया।

स्पर्धा के विजेता सम्मानित

घुमका। ग्राम नांगलदाह के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सरपंच मोनिकासिंह थी। इस मौके पर स्वस्थ्य शिशु, मेहंदी प्रतियोगिता एवं गोद भराई का आयोजन किया गया। पौष्टिक थाली का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया। महतारी वंदन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया। आयोजन में मितानिन तारा वर्मा, जैना वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी साहू, राम दुलारी साहू, ममता साहू, यशोदा सेन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोदावरी वर्मा, अंजू प्रभा ठाकुर आदि शामिल हुए।

सदस्यों का निर्विरोध चुनाव

डोंगरगढ़। श्री कृष्ण गौशाला कमेटी पिंजरपोल का निर्विरोध गठन किया गया। अग्रवाल, ओसवाल एवं माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, तिलोक बोहरा एवं सुनील तापड़िया के प्रयासों से सर्वसम्मति से पैनल तैयार किया गया। इस प्रक्रिया में सिद्धगोपाल नरेड़ी, विजय अग्रवाल, अक्षय भंडारी एवं राजेन्द्र कोठारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गोविंद चोपड़ा के नेतृत्व में सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। संरक्षक श्रेणी में गोविंद चोपड़ा, मनमोहन अग्रवाल, गणेश नरेड़ी, राजू भूत, राजू छाजेड़, रितेश पचेरीवाल, गोपी दम्मानी, आजीवन श्रेणी में सुनील तापड़िया, विजय चौरड़िया, प्रकाश अग्रवाल, अतीश, सोनू नरेड़ी, विवेक मोनू भंडारी, साधारण श्रेणी में विनय बंसल, श्रेयश भैया, मनीष दरगढ़ निर्वाचित हुए है।

जेसीबी के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत बोरतलाव में जेसीबी से काम कराने का मामला सामने आने के बाद तकनीकी सहायक ने मौके पर पहुंचकर काम को रुकवा दिया। ग्राम पंचायत बोरतलाव में वीबी जी रामजी योजना के तहत घाट निर्माण और अन्य कार्यों में जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है जबकि इस योजना में मजदूरों से काम कराना है। यहां नियमों को ताक पर रखकर मशीनों से खुदाई कराई जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी पुराने तालाब के गहरीकरण कार्य में भी जेसीबी का उपयोग किया गया था। शिकायत के बाद लगभग 5 लाख के भुगतान को शून्य घोषित किया गया था।



सालों से राशि का भुगतान लंबित, पूर्व सरपंच परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर की पूर्व सरपंच तुलसी सोनी और उपसरपंच हीरा सोनी ने 15 वें वित्त मद की लंबित राशि के भुगतान की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जानकारी के अनुसार उनके कार्यकाल में पंचायत का दर्जा बढ़ाते हुए नगर पंचायत बनाते हुए वित्तीय प्रभार छीन लिया गया। इसी दौरान 15वें वित्त मद की राशि से नाली निर्माण, सड़कए बत्ती रिपेयरिंग, पेयजल व्यवस्था आदि कार्य कराए गए थे। तत्कालीन कलेक्टर डॉ डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार आदि ने सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन कराकर राशि जारी करने कहा था।

पूर्व सरपंच ने चेतावनी दी है कि अगर 7 अक्टूबर तक राशि का भुगतान नहीं किया तो वह तहसील कार्यालय में तालाबंदी करेंगे।

कार्य पूर्ण फिर भी भुगतान अटका

पंचायत विकास निधि से 3 नग वाटर कूलर लगाने का आदेश मिला था। जिसे माध्यमिक शाला लाल बहादुर नगर, पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया जा चुका है। जनपद पंचायत ने भौतिक मूल्यांकन व पंचनामा बनाकर जिला पंचायत को प्रस्ताव भेज दिया है किन्तु अब तक भुगतान लंबित है। जानकारी के अनुसार लगभग 10 लाख 30 हजार का भुगतान लंबित है जिसमें 15 वे वित्त मद से 5 लाख 75 हजार, तहसील भवन वाटर कूलर का 3 लाख 55 हजार, लगभग 1 लाख अन्य कार्यों का शामिल है।

सौर ऊर्जा से हर घर तक पहुंचा पेयजल

बेंदरी के 41 परिवारों को मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम बेंदरी, भुरभुसी में जल जीवन मिशन के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित पेयजल व्यवस्था ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। सोलर पंप से संचालित इस जल आपूर्ति व्यवस्था के माध्यम से गांव के 41 परिवारों के 185 ग्रामीणों को घर में नियमित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

ग्राम बेंदरी में सौर ऊर्जा से संचालित पंप द्वारा भूमिगत जल को ऊंची जल टंकी में संग्रहित किया जाता है। इसके बाद पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाया जाता है। घर के पास नल से पानी मिलने के कारण ग्रामीणों को दूरस्थ जलस्रोतों से पानी लाने की आवश्यकता कम हुई है और दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ी है।



हर घर में जल की सुविधा

बेंदरी में जल जीवन मिशन की यह व्यवस्था 'हर घर जल' के उद्देश्य को धरातल पर साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ी है और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा मिला है।

महिलाओं के समय एवं श्रम की बचत

पेयजल सुविधा घर के समीप उपलब्ध होने से महिलाओं को राहत मिली है। पानी लाने में लगने वाले समय और श्रम की बचत होने से अब उस समय का उपयोग घरेलू कार्यों, बच्चों की देखभाल, शिक्षा और आजीविका से जुड़े कार्यों में किया जा सकता है। सौर ऊर्जा आधारित पंप के उपयोग से पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ा गया है। इससे बिजली पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है और ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल जल आपूर्ति व्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

कर्मचारियों के हित में एकजुट रहने का संकल्प

सम्मेलन में उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

छग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं छग अधिकारी कर्मचारी पेंशन एसोसिएशन का सम्मेलन रविवार को ब्लाक मुख्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन में कर्मचारियों ने मांगो को पूरी कराने के लिए एकजुट रहकर सतत सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक पीआर यादव थे। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन शर्मा ने अध्यक्षता की।

विशेष अतिथि जीआर चन्द्रा, विजय लहरे, हिमांचल साहू, नंदकिशोर शर्मा, भानुप्रताप यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी थे। इस मौके पर प्रांतीय संयोजक श्री यादव ने जिले में कर्मचारी एकता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारी अपने हितों के लिए हमेशा जागरूक रहे है। श्री यादव ने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के नाम पर जो वायदे किए गए थे वह अब तक पूरे नहीं हुए है। प्रांताध्यक्ष श्री शर्मा एवं अन्य कर्मचारी नेताओ ने कर्मचारियों से एकजुटता बनाए रखने एवं समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आहवान किया। संचालन मुकेश शुक्ला एवं आभार ज्ञापन जसवंत साहू ने किया।



पदाधिकारियों ने लिया शपथ

प्रांतीय पदाधिकारियों ने अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष आशुतोष लाल, जसवंत साहू, सचिव अशोक मिश्रा, सहसचिव सरला श्रीरांगे, कोषाध्यक्ष प्रभुराम नायक, संगठन मंत्री उषा ठाकुर आदि को शपथ दिलाया।

सक्रिय रहने वालों का सम्मान

सम्मेलन में सेवानिवृत्त तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का पदाधिकारियों ने सम्मान किया। समारोह में 41 सालों तक कर्मचारी हितो में सक्रिय रहने वाले लिपिक जसवंत साहू, प्राचार्य अखिलेशलाल, कविता तिवारी, यशोदा यादव, जीडी नेताम, नंदा कदम दामले, हेमलता यादव, तामेश्वरी वैद्य, आशुतोषलाल, अशोक मिश्रा, प्रभुराम नायक, उत्तम वर्मा, पुष्पलता राहुल को स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

एमडीआर शुल्क से हड़बड़ाए व्यापारी, बैठक के बाद बनाएंगे रणनीति, राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा आगामी 15 अक्टूबर से 2,000 से अधिक के मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर 0.4फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर शुल्क लागू करने के फैसले से देश भर के व्यापारी वर्ग में गहरी चिंता है। रोजाना यूपीआई के जरिए लेन-देन करने वाली व्यापारियों की चिंता है कि दो हजार रुपए से ज्यादा के भुगतान पर शुल्क से व्यापार प्रभावित होगा। कई व्यापारिक संगठन इसको लेकर देख रहे हैं कि इसके कारण व्यापार पर क्या असर पड़ेगा।

अभी कोई भी व्यापारी संघ खुलकर यह नहीं बोल रहा है कि इसका हम विरोध कर रहे हैं। सभी का कहना है कि इसको लेकर केंद्र सरकार से राहत की मांग की जा रही है।

आगामी दिनों त्यौहारों के समय इस बदलाव से व्यापार प्रभावित होने की आशंका

व्यापारियों को होगा नुकसान

पेट्रोल पंप संचालक कुलवंत भाटिया ने एमडीआर शुल्क को लेकर बताया कि उनके राष्ट्रीय एसोसिएशन ने इस मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर पेट्रोल पंपों को इससे अलग रखने की मांग की है। केंद्रीय वित्त मंत्री के जवाब के बाद ही राष्ट्रीय एसोसिएशन के निर्देश के मुताबिक कोई भी फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपीआई शुल्क से व्यापारियों को नुकसान होगा।


फाइल फोटो

शीघ्र होगी बैठक

चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद का कहना है कि 2000 से ज्यादा के भुगतान के शुल्क का भार सीधे व्यापारियों पर पड़ेगा। आज हर कारोबार में ज्यादातर लेन-देन यूपीआई से ही होता है। ऐसे में व्यापारियों को परेशानी होगी। उन्होंने बताया कि चेम्बर द्वारा इस विषय पर शीघ्र ही राजधानी में एक बैठक आहूत की जा रही है। जिसके बाद ही आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

सरकार को बताएंगे दिक्कतें

एमडीआर शुल्क के बाद कैट के जिलाध्यक्ष राजू डागा का कहना है कि केंद्र सरकार के फैसले को लेकर व्यापारिक संगठनों से बात की जा रही है। केंद्र सरकार के फैसले की समीक्षा करके देख रहे हैं कि इससे क्या फायदा और क्या नुकसान होगा। शीघ्र ही इस मामले में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर व्यापारियों की दिक्कतों से उन्हें अवगत कराएंगे।

केंद्र सरकार ने 15 अक्टूबर से मर्चेंट डिस्काउंट रेट एमडीआर लागू करने का फैसला किया है। इसमें दो हजार से ज्यादा के भुगतान पर दुकानदारों से 0.4 फीसदी का शुल्क लिया जाएगा। इस फैसले को लेकर प्रदेश के व्यापारी भी परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस शुल्क ने न केवल व्यापारी, बल्कि आम लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के संस्थापक अनिल बरडिया का कहना है कि व्यापारियों पर एमडीआर नहीं लगना चाहिए। व्यापारियों पर यह शुल्क लादा जाएगा तो आखिर व्यापारी इसकी भरपाई कहां से करेंगे। आज जो ज्यादातर लेन-देने यूपीआई से ही होता है। ऐसे में व्यापारियों को परेशानी होगी। केंद्र सरकार को यह शुल्क लगाने का फैसला व्यापारियों के हित में वापस लेना चाहिए।

खबर संक्षेप

पंचायतों तक पहुंचा साइबर सुरक्षा का संदेश



खैरागढ़। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा संचालित "साइबर जागृति अभियान" के अंतिम सप्ताह में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामसभा एवं अन्य स्थानीय आयोजनों में उपस्थित पंच, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

ग्रामीणों को ओटीपी, एटीएम बैंक संबंधी जानकारी, यूपीआई पिन एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने, अनजान कॉल एवं वीडियो कॉल से सावधान रहने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने, फर्जी नौकरी एवं ऑनलाइन ठगी से बचने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पुलिस टीम द्वारा यह भी बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर घबराएं नहीं और तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा संबंधित बैंक, वित्तीय संस्था को भी तत्काल सूचित करें। जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए "साइबर जागृति अभियान" के माध्यम से लगातार विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को जागरूक कर सुरक्षित एवं साइबर-सजग समाज का निर्माण करना है।



मोंगरा सहित चारो बैराज में भरपूर पानी, खेती के लिए भी तीनों ही जिले में पर्याप्त बारिश से राहत

मानसून की विदाई: जलाशय लबालब, नांदगांव केसीजी का कोटा पूरा, एमएमसी 20% पिछड़ा

अंतिम सप्ताह की बारिश से सुधरे तीनों जिलों के रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चार महीने तक चले मानसूनी सीजन की आज समाप्ति होने जा रही है। इस बार के मानसून सत्र में बारिश के आंकड़ों ने कई चौंकाने वाले समीकरण दिखाए हैं। वनांचल और जंगलों से घिरा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला इस पूरे सीजन में बारिश के मामले में शुरूआत से ही पिछड़ा रहा। आमतौर पर हर साल जिस वनांचल क्षेत्र में मानसून की बंपर झड़ी लगती थी और बारिश के रिकॉर्ड बनते थे, इस बार वहां उम्मीद के अनुरूप मेघ नहीं बरसे। इसका नतीजा यह हुआ कि चार माह का मानसूनी चक्र खत्म होने के बाद भी एमएमसी जिला अपने तय औसत आंकड़े से करीब 20 प्रतिशत तक पीछे रह गया।

दूसरी तरफ मैदानी इलाकों से जुड़े राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में मानसूनी बादल जमकर मेहरबान हुए। दोनों ही जिलों ने न सिर्फ अपना सामान्य कोटा पूरा किया, बल्कि औसत से अधिक बारिश दर्ज कर बेहतर स्थिति हासिल कर ली। हालांकि भादो महीने की शुरूआत में कुछ दिनों के लिए इन दोनों जिलों में भी बारिश की रफ्तार धीमी पड़ी थी और आंकड़े थोड़े पिछड़ते दिखे थे, लेकिन पिछले हफ्ते सक्रिय हुए मानसूनी सिस्टम के चलते झमाझम बारिश ने पूरे घाटे की भरपाई कर दी। इस देर से आई अच्छी बारिश के दम पर राजनांदगांव और केसीजी दोनों ही जिले औसत से अधिक वर्षा वाले दायरे में पहुंच गए।



■ राजनांदगांव जिले में 1003 मिमी, केसीजी जिले में 874 और एमएमसी जिले में 1007 मिमी बारिश मानसून में हुई दर्ज

अब मानसून की बारिश नहीं

ज्ञात हो कि मौसम विभाग के अनुसार एक जून से 30 सितंबर के मध्य होने वाली बारिश को ही मानसून की बारिश में शामिल किया जाता है। ऐसे में आज के बाद होने वाली बारिश को मानसून के आंकड़े में शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून के लौटने की भी शुरूआत हो गई है।

बारिश के बाद बेहतर पैदावार की उम्मीद

आंकड़ों के उतार-चढ़ाव के बीच राहत भरी बात यह है कि कृषि और खेती-किसानी के दृष्टिकोण से तीनों ही जिलों में बारिश का वितरण काफी मुफीद रहा। भले ही एमएमसी जिला अपने मौसमी औसत से 20 प्रतिशत पीछे रह गया हो, लेकिन वनांचल के खेतों को सूखने नहीं दिया। धान की फसल के विभिन्न चरणों में रोपाई, बियासी और गभोट के लिए जितनी नमी और पानी की दरकार थी, वह समय-समय पर बरसते पानी से पूरी होती रही। खेतों में पर्याप्त जलभराव बना रहा। जिससे फसल चक्र प्रभावित नहीं हुआ। वर्तमान में तीनों जिलों में धान सहित अन्य खरीफ फसलें लहलहा रही हैं, जिसे देखकर अंचल के किसान इस वर्ष भी बंपर पैदावार की मजबूत उम्मीद जता रहे हैं।

बाढ़ से बहुत अधिक नुकसान नहीं

इस मानसूनी सीजन की एक खास बात यह भी रही कि शिवनाथ नदी पर बने प्रमुख मोंगरा बैराज के मुख्य कैचमेंट एरिया में नियंत्रित बारिश नहीं हुई। बैराज में पानी की आवक नियंत्रित रहने के कारण बड़े पैमाने पर पानी छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ी। इसी का परिणाम रहा कि राजनांदगांव के मोहारा एनीकट और निचले रिहायशी इलाकों में इस बार बाढ़ जैसे गंभीर हालात निर्मित नहीं हुए। जिससे तटीय बस्तियों के लोगों और जिला प्रशासन को बड़ी राहत मिली।

गर्मी में नहीं होगी पेयजल समस्या सभी जलाशयों की स्थिति मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की वापसी का दौर शुरू होने के बीच जिले में हुई लगातार बारिश से प्रमुख जलाशयों में पर्याप्त पानी पहुंच गया है। मानसून की विदाई से पहले हुई बारिश का असर जलाशयों के जलस्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। जल संसाधन विभाग की 29 सितंबर सुबह 8 बजे की रिपोर्ट के अनुसार मोंगरा बैराज पूरी तरह भर चुका है। जबकि सूखा नाला, घुमरिया नाला और खातूटोला बैराज में भी अच्छी मात्रा में पानी उपलब्ध है।

मोंगरा बैराज में जलस्तर 337.15 मीटर दर्ज किया गया है, जो इसके एफआरएल 337.15 मीटर के बराबर है। बैराज की लाइव क्षमता 32.05 एमसीएम है और वर्तमान जलभराव भी 32.05 एमसीएम दर्ज किया गया है। पूरी क्षमता तक भरने के बाद मोंगरा से 36.62 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है।



बारिश ने दिया सहारा: मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की प्रक्रिया जारी है। ऐसे समय में जिले के जलाशयों में अच्छी मात्रा में पानी का जमा होना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मानसून की वापसी के बावजूद हाल की बारिश ने जलाशयों में पानी की स्थिति को मजबूत किया है।

सूखानाला से छोड़ा पानी

सूखा नाला बैराज में जलस्तर 315.90 मीटर दर्ज हुआ है। इसकी 11.73 एमसीएम लाइव क्षमता के मुकाबले 11.24 एमसीएम, यानी करीब 96 फीसदी पानी मौजूद है। यहां से 18.30 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। घुमरिया नाला बैराज में 2.44 एमसीएम और खातूटोला बैराज में 2.98 एमसीएम लाइव जलभराव दर्ज किया गया है। खातूटोला से भी 10.27 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है।

खातूटोला कैचमेंट में बारिश

1 जून से 29 सितंबर तक के आंकड़ों में खातूटोला कैचमेंट में सबसे ज्यादा 1203 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद मोंगरा क्षेत्र में 970 मिमी, सूखा नाला में 873 मिमी, घुमरिया नाला क्षेत्र में 826 मिमी संचयी वर्षा दर्ज हुई है। जलाशयों में पर्याप्त पानी होने से आगामी रबी सीजन में सिंचाई के लिए जल उपलब्धता को लेकर स्थिति बेहतर रहने की उम्मीद है। हालांकि आगे जलाशयों से पानी छोड़ने की व्यवस्था और मौसम की स्थिति के अनुसार सिंचाई के लिए उपलब्धता तय होगी।

सड़क की गुणवत्ता पर सवाल, डिप्टी सीएम से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला केंद्रीय सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने नांदगांव से खैरागढ़ और मोहला-मानपुर तक निर्माणधीन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस स्तरहीन निर्माण को लेकर ठेकेदार एवं अधिकारी की मिलीभगत बताते निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच करने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

भरत वर्मा ने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण के मामले को लेकर जांच की मांग करने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ठेकेदार और अधिकारी पर कार्रवाई करने मांग की। उन्होंने कहा कि जगह-जगह डामरीकरण में गड्ढे हो गए हैं। ठेकेदार को लाभ पहुंचाने अधिकारी सरकार को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां स्तरहीन निर्माण कार्य हो रहा है और अधिकारी आंख बंद कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि अन्य तकनीकी विभाग के माध्यम से सड़क की गुणवत्ता जांच करवाकर ठेकेदार और अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि जीबीसी, डब्लूएमएम, सब-ग्रेड, डामरीकरण, बिटुमेन की मात्रा, सड़क की मोटाई, घनत्व, ग्रेडेशन, लेवल तथा ड्रेनेज सिस्टम की एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से गुणवत्ता जांच कराई जाए। यदि जांच में निर्माण गुणवत्ता में कमी, वित्तीय अनियमितता अथवा अन्य गंभीर त्रुटियां पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक होने पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई भी की जाए। इसको लेकर उन्होंने कलेक्टर के नाम पर एक ज्ञापन भी सौंपा और कार्रवाई की मांग की है।

उपमुख्यमंत्री से भी शिकायत



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भारत लाल वर्मा ने कहा कि गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर उन्होंने इस मामले की शिकायत उप मुख्यमंत्री अरूण साव से भी ज्ञापन के माध्यम से की है। वहीं सरकार में रहते हुए कार्य की शिकायत को लेकर उन्होंने कहा कि गलत काम को लेकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में ही निर्माणाधीन सड़क का डामरीकरण हुआ है, जो एक माह के भीतरी ही उखड़ रही है।

बाइक सवार को ट्रक ने मारी ठोकर, ट्यूशन से लौट रहे बालक की मौत

- नेशनल हाईवे में बीती रात की दुर्घटना
- कौरिनभाठा ट्यूशन पढ़ने जा रहा था मृतक बालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक किशोर की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा 29 सितंबर की रात करीब 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर राज इम्पीरियल होटल के पहले राइस मिल के पास हुआ। मृतक की पहचान ग्राम बरगा निवासी तुषार अम्बादे उम्र लगभग 16 वर्ष के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार तुषार ट्यूशन पढ़ने के लिए बाइक से कौरिनभाठा गया था। ट्यूशन के बाद वह बाइक से अपने गांव बरगा वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर राज इम्पीरियल होटल से पहले राइस मिल के पास पहुंचा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान सड़क किनारे ट्रक की चपेट में बाइक आ गई। ट्रक की टक्कर के बाद तुषार सड़क पर गिर गया और वाहन के पहिये की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और घायल तुषार को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर उक्त हादसे की सूचना के बाद परिजनों में मातम छा गया।

हादसे के बाद हाईवे पर जुटी भीड़

घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। लालबाग पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और ट्रक की स्थिति सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

धार्मिक वातावरण के साथ ही व्यापार के दृष्टिकोण से भी महीना रहेगा महत्वपूर्ण

पर्वों से भरा हुआ रहेगा अक्टूबर माह

पितृपक्ष के बाद नौ दिन होगी मां की उपासना रावण वध और करवा चौथ व्रत भी इसी माह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनातन धर्म में व्रतों और उत्सवों की दृष्टि से अक्टूबर का महीना विशेष उल्लास, भक्ति और उमंग लेकर आ रहा है। इस पूरे महीने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक आयोजनों की निरंतर श्रृंखला देखने को मिलेगी। महीने के शुरूआती चरण में पितरों की शांति, तर्पण और मुक्ति का पावन पर्व पितृपक्ष संपन्न होगा। इसके तुरंत बाद आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि आरंभ हो जाएगा। नवरात्रि के पश्चात अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरा, शरद पूर्णिमा और सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व करवा चौथ भी इसी महीने मनाया जाएगा।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि पर्वों की श्रृंखला को देखते हुए व्यापारियों को भी बेहतर कारोबार की उम्मीदें है। बताया गया कि दिवाली से पहले नवरात्र ही वह अवसर होता है, जिस दौरान व्यापारी पर्वों को लेकर ऑफर की शुरूआत करते हैं।ऐसे में आटोमोबाइल सेक्टर से लेकर कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में नवरात्र से ही खरीददारी भी शुरू हो जाती है। इस महीने लगातार पर्व होने से शहरी बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ती नजर आएगी। ज्ञात हो कि महीने का आरंभ पितृपक्ष के प्रमुख श्राद्धों से हो रहा है। जिसमें 1 अक्टूबर को षष्ठी श्राद्ध और 2 अक्टूबर को सप्तमी श्राद्ध के साथ गांधी जयंती मनाई जाएगी। इसके अगले दिन यानी 3 अक्टूबर को जीवित्पुत्रिका व्रत, महालक्ष्मी व्रत की पूर्णता और अष्टमी श्राद्ध संपन्न होगा। इसके उपरांत 6 अक्टूबर को इंदिरा एकादशी और 8 अक्टूबर को प्रदोष व्रत एवं मासिक शिवरात्रि का योग रहेगा। 10 अक्टूबर को सर्वपितृ आश्विन अमावस्या के साथ पितृपक्ष का समापन होगा और पितरों को विदाई दी जाएगी। ज्ञात हो अक्टुबर महीने के बाद नवंबर की शुरुआत में ही दिवाली का पर्व भी मनाया जाएगा।

9 दिनों की होगी नवरात्र

इस वर्ष 11 अक्टूबर के दिन घटस्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार रविवार को नवरात्रि शुरू होने से देवी भगवती का आगमन हाथी पर माना जाता है, जो राष्ट्र और समाज के लिए अत्यंत शुभ, समृद्धिदायक तथा उत्तम वर्षा का संकेत है। इसके अलावा 17 अक्टूबर को नवपत्रिका पूजा के साथ तुला संक्रांति का दुर्लभ मेल हो रहा है। वहीं 19 अक्टूबर को संधि पूजा, दुर्गा महाष्टमी और महानवमी का एक साथ संयोग बन रहा है। जिससे इस दिन शक्ति साधना, जप और अनुष्ठान का प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा।

संकष्टी चतुर्थी और इंदिरा एकादशी भी : अक्टूबर माह के पहले पखवाड़े में जहां पितृपक्ष के अंतर्गत षष्ठी श्राद्ध, जिउतिया व्रत, इंदिरा एकादशी और सर्वपितृ अमावस्या संपन्न होगी। वहीं दूसरे पखवाड़े में देवी आराधना और उत्सवों की धूम रहेगी। 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर रावण दहन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को पापांकुशा एकादशी, 25 अक्टूबर को अमृतमयी शरद पूर्णिमा एवं कोजागरी पूजा, 26 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती तथा 29 अक्टूबर को संकष्टी चतुर्थी के दिन सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए निर्जला करवा चौथ व्रत रखेंगी।

खबर संक्षेप

अभा मसीही गीत-संगीत प्रतियोगिता 2 को

राजनांदगांव। 2 अक्टूबर को स्व. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च कैम्पस स्टेशन रोड में अखिल भारतीय मसीही गीत-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें, भिलाई, उकवा, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, डोंगरगढ़, धमतरी, चांपा, बालाघाट, जबलपुर एवं राजनांदगांव शहर के बहुत से चर्च के मसीह युवक-युवती भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मधु भट्टी (फिरोजपुर, पंजाब) और ट्विंकल मसीह (हरियाणा) होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथि पार्षद सतीश मसीह होंगे। यह जानकारी वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह. डॉ. सुमन लाल ने दी।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



राजनांदगांव। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर बसंतपुर राजनांदगांव में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा अरुण से लेकर कक्षा 12वीं तक के भैया-बहनों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान विद्यार्थियों के नेत्रों में दृष्टि दोष अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या पाई गई तथा जिन विद्यार्थियों को चिकित्सकों द्वारा चश्मा लगाने की सलाह दी गई, उनके लिए चश्मे की व्यवस्था भी शाला परिवार द्वारा निःशुल्क की जाएगी। विद्यालय के समस्त आचार्य एवं स्टाफ सदस्यों का भी नेत्र परीक्षण किया गया, ताकि विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा सके। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

जांच समिति बैठक तक सीमित, अंतिम निष्कर्ष का इंतजार

दस्तावेज सामने, फिर भी जांच पूरी नहीं, चार माह से उलझा प्रशासन

प्रशासन पुराने अभिलेखों का तुलनात्मक परीक्षण में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क और खसरा नंबर 167, 169 एवं 170 से जुड़े बहुचर्चित भूमि विवाद में जांच प्रक्रिया शुरू हुए चार महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन प्रशासन अब तक अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया है। यह वही प्रकरण है जिसमें नजूल रिकॉर्ड, मेंटेनेंस खसरा, राजस्व अभिलेख, 1974 की रजिस्ट्री, नामांतरण, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के रिकॉर्ड और टीसीपी के भूमि उपयोग से जुड़े दस्तावेजों को लेकर सवाल उठता रहा हैं।

शिकायतकर्ता का दावा है कि उपलब्ध दस्तावेजों की श्रृंखला से भूमि की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है, जबकि प्रशासन पुराने अभिलेखों का तुलनात्मक परीक्षण करने की प्रक्रिया में है। ऐसे में अब सवाल केवल जमीन के स्वामित्व का नहीं, बल्कि जांच की रफ्तार और प्रशासनिक जवाबदेही का भी बन गया है।

पुराने रिकॉर्ड मंगाए, फिर भी निष्कर्ष लंबित, कहां अटकी जांच?

इस पूरे प्रकरण में तीन से चार से बैठक हो चुकी है लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल अब जांच की गति को लेकर उठ रहा है। राजनांदगांव सहित अन्य स्थानों से पुराने राजस्व अभिलेख मंगाने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि कौन-कौन से रिकॉर्ड प्राप्त हो चुका हैं, किन दस्तावेजों का परीक्षण पूरा हो चुका है और किनका परीक्षण अभी बाकी है। खासतौर पर नजूल रिकॉर्ड, मूल खसरे, मेंटेनेंस खसरा, नामांतरण आदेश, रजिस्ट्री दस्तावेज और नगर एवं ग्राम निवेश के रिकॉर्ड का आपसी मिलान इस विवाद की अहम कड़ी है। जब जांच समिति की बैठक मे रिकॉर्ड जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी, तो 30 सितंबर तक अंतिम रिपोर्ट क्यों नहीं आई, यह सवाल अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधे उठ रहा है।



10 जून को जिला स्तर पर शुरू हुई प्रक्रिया

मामले में 30 मई 2026 को प्रधानमंत्री कार्यालय में संबंधित भूमि के स्वामित्व, राजस्व रिकॉर्ड और प्रशासनिक प्रक्रिया संबंधी शिकायत आवेदन प्रेषित कर जांच की मांग की गई। इसके बाद 10 जून 2026 को छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन अग्रेषित किया गया। इसके बाद कमिश्नर के निर्देश पर जिला स्तर पर जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ी और 18 जून को एडीएम सुरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में जांच समिति की पहली बैठक हुई। बैठक के बाद पुराने राजस्व एवं अन्य अभिलेख मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई यानि शिकायत से लेकर समिति गठन और रिकॉर्ड जुटाने तक प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ी लेकिन अब चार महीने से अधिक समय गुजरने के बाद भी अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

चार माह बाद रिमाइंडर, प्रशासन को देना होगा कारणयुक्त जवाब

जांच लंबित रहने के बीच शिकायतकर्ता ने संबंधित अधिकारियों को रिमाइंडर भेजकर अब तक हुई कार्रवाई और जांच की वर्तमान स्थिति लिखित रूप में बताने की मांग की है। मांग की गई है कि पुराने राजस्व एवं नजूल रिकॉर्ड का परीक्षण पूरा किया जाए, मेंटेनेंस खसरा और मूल अभिलेखों का मिलान किया जाए, नामांतरण एवं पंजीयन दस्तावेजों की जांच हो तथा टीसीपी रिकॉर्ड को भी जांच में शामिल किया जाए। यदि किसी स्तर पर रिकॉर्ड या प्रक्रिया में विसंगति मिलती है तो संबंधित प्रक्रिया और जिम्मेदारी का नियमानुसार परीक्षण किया जाए फिलहाल किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी प्रशासन ने अंतिम रूप से इस मामले मे तय नहीं की है।

नोटिस और निर्माण रोकने से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला, फिर भी मूल विवाद अनसुलझा

एडवर्ड पार्क प्रकरण अब केवल राजस्व रिकॉर्ड का विवाद नहीं रहा। जांच के दौरान अवैध प्लाटिंग का उल्लेख सामने आया, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा ले-आउट स्वीकृति को लेकर सवाल उठा, कलेक्टर स्तर से नगर पालिका को कार्रवाई का निर्देश दिया गया और बाद में निर्माणाधीन भवनों पर यथास्थिति बनाए रखने का नोटिस भी जारी हुआ। इसके बावजूद निर्माण जारी रहने की शिकायतें सामने आती रहीं और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया। एक ओर संबंधित पक्ष वैध रजिस्ट्री, नामांतरण और भवन अनुमति का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक जांच में भूमि के स्वरूप और प्लाटिंग को लेकर सवाल मौजूद हैं। ऐसे में अब सबसे जरूरी है कि प्रशासन सभी रिकॉर्ड का तुलनात्मक परीक्षण कर यह स्पष्ट करे कि भूमि का मूल स्वरूप क्या था, बाद के रिकॉर्ड कैसे बना और उनके आधार पर हुई कार्रवाई अथवा लेन-देन की वैधानिक स्थिति क्या है।

चार किसानों की राशि एक खाते में ट्रांसफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के उद्यानिकी विभाग में अनुसूचित जाति उपयोजना के बजट से जुड़े भुगतान को लेकर शिकायतकर्ता मंदीप चौरे ने राजधानी में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में विभागीय स्वीकृति आदेश, ई-कोष के वाउचर और बैंक ट्रांसफर विवरण के आधार पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता अनुसार आदेश क्रमांक 865 में चार अलग-अलग किसानों के नाम पर कुल 1 लाख 95 हजार 570 की अनुदान राशि स्वीकृत थी लेकिन ई-कोष से जारी भुगतान विवरण में यह राशि अलग अलग हितग्राहियों के खातों में जाने के बजाय एक ही बैंक खाते में ट्रांसफर होना दर्ज है। इसी आधार पर सवाल उठाया गया है कि यदि चारों किसान अलग-अलग पात्र हितग्राही थे तो अनुदान का भुगतान उनके व्यक्तिगत खातों में क्यों नहीं किया गया।

एससी मद से सामान्य वर्ग के भुगतान का आरोप

शिकायत में स्वीकृति आदेश और ई-कोष से आहरित राशि के बीच भी अंतर का उल्लेख किया गया है। आदेश क्रमांक 889 में 1,17,143 की अनुदान राशि दर्शाए जाने के बावजूद ई-कोष बिल क्रमांक 53 में 1,85,413 का ग्रॉस बिल आहरित होने की बात कही गई है। यानी दोनों राशि में 68,270 का अंतर बताया गया है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि स्वीकृत आदेशों में हितग्राहियों को सामान्य वर्ग का दर्शाया गया जबकि भुगतान के लिए अनुसूचित जाति उपयोजना की मांग संख्या 13 का उपयोग किया गया। विभाग द्वारा इसे कथित तौर पर रिकॉर्ड की त्रुटि या कॉपी-पेस्ट की गलती बताए जाने पर भी शिकायतकर्ता ने सवाल उठाते हुए पूरे भुगतान की जांच की मांग की है।

परिवार को कई योजनाओं का लाभ

शिकायत में यह भी कहा गया है कि करीब 90 दिनों के भीतर एक ही परिवार से जुड़े लोगों को सामुदायिक फेसिंग, केला विस्तार और पपीता विस्तार जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ दिए जाने की जांच होनी चाहिए। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि प्रत्येक हितग्राही का आवेदन, भू-अभिलेख, बैंक खाता, भुगतान वाउचर, स्वीकृति आदेश, स्थल सत्यापन और योजना के तहत किए गए वास्तविक कार्य का भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही ई-कोष के मूल रिकॉर्ड और बैंक ट्रांसफर का मिलान कर जिम्मेदारी तय करने और यदि जांच में नियमविरुद्ध भुगतान या राशि के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो राशि की वसूली और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

अंब्रिक ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





पुष्पांजलि पैलेस लालबाग में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाली भारत विकास परिषद की राजनांदगांव जिले की प्रथम नवीन शाखा 2026-2028 का दायित्व ग्रहण समारोह 27 सितंबर को संपन्न हुआ। समारोह में अमर लालवानी ने संरक्षक, अंब्रिक मोटलानी ने अध्यक्ष, डॉ. राधेश्याम मौर्य ने सचिव, परमानंद गोयल ने कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने निष्ठा से भारत के विकास की प्रतिबद्धता की शपथ ली।

भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष रायपुर से विनोद अग्रवाल, प्रांत महासचिव एवं शपथ विधि अधिकारी मुरारी काबरा, राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य राधाकृष्ण सारडा, प्रांतीय संगठन मंत्री किशोरी लाट, क्षेत्रीय संस्कार संयोजक अनिल डागा भिलाई, विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा, जिला प्रचारक सनत पटेल उपस्थित रहे। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम् राष्ट्र गीत से किया गया। अनिल डागा ने परिषद के सेवा कार्यों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रम्हाकुमारी राज योगिनी बहन पुष्पा ने कहा कि परमात्मा की शक्ति सेवा कार्यों में लगे व्यक्तियों के साथ हमेशा रहती है और उनका मार्गदर्शन करती है। विशिष्ट अतिथि नीरज पब्लिक स्कूल की प्राचार्य भारती गौटे ने भारत विकास परिषद के कार्यों की प्रशंसा की और राष्ट्र के विकास में हो रहे सेवा कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मंशाराम मोटलानी ने अपने विचार रखे। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अंब्रिक मोटलानी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने समाज के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों से सक्रिय जनभागीदारी की अपील की और नई पीढी को सनातन संस्कारों की शिक्षा से मजबूत बनाने की अपील की। संस्था के संरक्षक अमर लालवानी ने आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी विवेक ठाकुर ने दी।

निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्षी पार्टियों की हताशा : सांसद पांडे

एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर के मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सांसद संतोष पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस का झूठा बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से एसआईआर के सभी फैसले लिए गए। निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्ष की हताशा है।

सांसद ने कहा कि फार्म -6 के घोषणा पत्र को सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही वैध ठहरा दिया है, लेकिन यह विपक्ष की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठाकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है।



कांग्रेस मुद्दाविहीन : मधुसूदन

भाजपा के वरिष्ठ नेता व महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। एसआईआर को लेकर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाकर केन्द्र सरकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी कमजोरी छुपाने एसआईआर का सहारा ले रही है, यह निंदनीय है। श्री यादव ने कांग्रेस के आरोपों को लेकर कहा कि यदि 13 करोड लोगों के नाम कटे हैं, ऐसा कहा जा रहा है तो उन मतदाताओं को सामने आना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जो फर्जी नाम थे वही काटे गए। चुनाव आयोग ने फर्जी नामों को हटाया और शुद्ध लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची तैयार किया। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भारत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, हरीश शर्मा, जैसल लाल, रघु शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित

सांसद पांडे ने कहा कि विपक्ष केवल अफवाहें फैलाता है। जबकि आयोग जमीनी स्तर पर हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित कर रहा, चाहे वह रैन बसेरों, मजदूरों और बेघरों के लिए विशेष कैंप लगाना हो या छूटे हुए लोगों के घरों पर जाकर फॉर्म एकत्र करना हो। उन्होंने कहा कि देश की जनता भली-भांति जानती है कि जितने भी राज्यों में चुनाव संपन्न हुए हैं, वे पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र रूप से संपन्न हुए हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जब चुनाव हारते है, तो कभी ईवीएम पर, कभी संवैधानिक संस्थाओं पर तो कभी चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगाते हैं।

पत्र पर विपक्ष का झूठ

सांसद ने कहा कि विपक्ष द्वारा एक तथाकथित पत्र को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा था, जिस पर चुनाव आयोग ने साफ कर दिया है कि कैबिनेट को लिखा गया पत्र आयोग की किसी नीति या आईटी प्रभाग से संबंधित नहीं था, बल्कि यह प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी के प्रशासनिक कार्यप्रणाली तक सीमित आंतरिक मामला था। यह एसआईआर से जुड़ा हुआ मामला नहीं था। सांसद ने कहा कि एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट पूरी तरह से निराधार और काल्पनिक कहानी प्रतीत होती है। उस रिपोर्ट में कोई ठोस तथ्य नहीं था और न ही सच्चाई है। विपक्ष ने एक काल्पनिक और तथ्यहीन लेख को हथियार बनाकर देश लोकतंत्र और स्वतंत्र चुनाव आयोग पर सवाल उठाने की नाकाम कोशिश की।

खैरझिटी के हुमन को मिली आर्थिक सहायता राशि



उपरवाह। ग्राम खैरझिटी के चार ग्रामीणों को राजेश श्यामकर ने आर्थिक सहायता का चेक दिया, उस वक्त चेहरे पर मुस्कान आ गई, जब खैरझिटी गांव के आंख से बाधित हुमन राकेश को इलाज के लिए उसके हाथों में आर्थिक सहायता राशि की चेक दी गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने खैरझिटी पहुंचकर ग्रामीणों के साथ हुमन राकेश के घर पहुंचकर 10 हजार रुपए की चेक दिया गया। अब हुमन राकेश को अपने आंख का इलाज कराने मदद मिल गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री श्यामकर ने दृष्टि बाधित हुमन राकेश व उनके माता प्रतिमा राकेश को इसके इलाज के लिए हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। हुमन राकेश व माता प्रतिमा राकेश ने जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर व विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल का आभार जताया। साथ ही पुराणबाई, कुंतीबाई व चाकेश्वरी यादव को भी पांच हजार की सहायता राशि की चेक प्रदान की गई। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, सरपंच नेमु वर्मा, जिला भाजयुमो तिलेश्वर सिन्हा, सचिव राधेलाल साहू, द्वारका साहू, विष्णु सिन्हा, चेतन देशलहरे, तोमन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने लिया भाग, निधि जांगड़े प्रथम

युगांतर में सपनों का भारत विषय पर राष्ट्र व्यापी भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर राष्ट्र व्यापी भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

भाषण प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम निधि जांगड़े, द्वितीय चांदनी, तृतीय रैनी जैन, सौम्या वर्मा रहे। इस अवसर पर सपनों के भारत के सह संयोजक रणविजय प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को इस विषय के महत्त्व समझाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने सपनों को यथार्थ के धरातल में परिवर्तित करना चाहिए। वे लगन और मेहनत अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। इसी तारतम्य में राष्ट्र व्यापी चित्रकला प्रदर्शनी नगर के महापौर मधुसूदन यादव, निगम आयुक्त आर मरकाम, विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, सपनों के भारत के सह संयोजक रणविजय प्रताप सिंह, भावेश बैद, जनपद अध्यक्ष रमेश चन्द्राकर, सुन्दरा के सरपंच हितेंद्र साहू, पूर्व विधायक व सपनों के भारत के संयोजक विनोद खाण्डेकर, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, तरूण लहरवानी, रोहित चन्द्राकर की उपस्थिति में आयोजित हुई, जिसमें 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम लता, द्वितीय स्रुष्टि गजभिए, तृतीय कान्हा बघेल रहे।



7 अक्टूबर तक विविध प्रतियोगिताएं

इस अवसर मधुसूदन यादव ने कहा 25 करोड़ बच्चों के सपने को साकार करना ही इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा और संकल्प हमेशा से राष्ट्र हित में रही है। हमारे नौनिहाल भी उनके इस संकल्प से जुड़कर एक नवीन और मजबूत भारत का निर्माण करेंगे ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। इसी तरह के विचार प्रकट करते हुए विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसके जरिए विद्यार्थी अपने सपनों के भारत की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष के संकल्प और मजबूत भारत की परिकल्पना से जुड़ने का प्रयास करेंगे।

कैसी भी परेशानी आए, अपने मार्ग पर डटे रहें : समयप्रभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्थिति अनुकूल हो या प्रतिकूल, वह साधक की कसौटी के लिए आती है। कोई भी परेशानी आ जाए तो भी हमें अपने मार्ग से डिगना नहीं चाहिए! उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि हम अपने मार्ग में अडिग रहते हैं तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपका कुछ ना कुछ संकल्प होना ही चाहिए और इस संकल्प को पूरा करने हमें लग जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी शक्ति में गर्मी है। इस शक्ति का फायदा उठाइए। अपने संकल्प को पूर्ण करने में इसे लगाइए।

मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि हमारे शरीर के भीतर परिवर्तन होते रहता है। यहां तक कि 21 से 40 दिन के भीतर खून भी बदल जाता है। हमारे शरीर में हजारों नाड़ियां हैं और इन्हें हमें नियंत्रित करना है, तभी हम अपने उद्देश्य की ओर आगे बढ़ पाएंगे। ट्रेंड व्यक्ति और अनट्रेंड व्यक्ति के काम में बहुत फर्क होता है। भाव बदलने से यात्रा का स्वरूप ही बदल जाता है।

हमारा जो मोटिव है, उस तरह का हमारा कृत्य नहीं है। हमें अपने मोटिव को पूरा करने के लिए वैसा कृत्य करना पड़ेगा। मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि तत्वों का ज्ञान बोरिंग विषय है, किंतु जब लोग इसे समझने लगते हैं तो फिर वे इससे बाहर नहीं निकलना चाहते। साधक तत्वज्ञान की साधना करते-करते उसमें पूरी तरह डूब जाता है। तत्व ज्ञान के आनंद की अनुभूति होने लगे तो फिर जीवनभर किसी अन्य आनंद की जरूरत ही नहीं पड़ती।

मुनिश्री ने कहा कि आप एक माला का ही ध्यान करो, परंतु निश्चित स्थान में और निश्चित समय पर करोगे तो आपको अद्वितीय आनंद का एहसास होगा।

सार समाचार

योजना का लाभ देने वार्डों में शिविर

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में 1 से 14 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नागरिकों की समस्या का समाधान करने के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।
नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि शासन निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नागरिकों की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजना का लाभ देने सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे है। 1 से 14 अक्टूबर तक चार चरण में वार्डों में आयोजित शिविर के तहत 1 अक्टूबर को चिखली स्कूल में सुबह 10 से दोपरह 3 बजे तक शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 5 अक्टूबर को निगम कार्यालय परिसर, 7 अक्टूबर को ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल एवं 14 अक्टूबर को लखोली स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है।

एलिमेंन्ट्री-इंटरमिडिएट ड्राईंग परीक्षा प्रारंभ

राजनांदगांव। महाराष्ट्र शासन द्वारा आयोजित होने वाली एलिमेंन्ट्री-इंटरमिडिएट ड्राईंग परीक्षा के छत्तीसगढ़ के एकमात्र परीक्षा केंद्र स्टेट स्कूल में 28 सितम्बर से परीक्षा प्रारंभ हो गई है। प्रथम एवं द्वितीय दिवस एलिमेंन्ट्री की परीक्षा में कुल दर्ज 143 परीक्षार्थियों में से 123 परीक्षा में शमिल हुए। 30 सितंबर को इंटरमिडिएट परीक्षा में कुल दर्ज 99 परीक्षार्थियों में से 93 परीक्षा में शमिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य माधो सिंह के मार्गदर्शन में व्याख्याता सुनील भागवत एवं यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन परीक्षा का संचालन कर रहे हैं। प्रधान पाठक गजानन पाटिल, सेविता देवांगन, पारूल डुंभरे आदि सहयोग कर रहे हैं। उक्त परीक्षा में राजनांदगांव के यामिनी कला केंद्र, दीपचंद चित्रकला केंद्र, विनायक चित्रकला केंद्र, स्टेट स्कूल, ताम्रकार क्लासेस दुर्ग, फेस भिलाई, नूतन कला केंद्र रायपुर एवं फिनीशिंग क्लासेस रायपुर के परीक्षार्थी शमिल हो रहे हैं।



गर्भवती महिलाओं को वितरित किया पोषण आहार

राजनांदगांव। महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हीरामोती वार्ड की आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हीरामोती वार्ड के पार्षद रवि सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण का माध्यम नहीं है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की देखभाल में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। गर्भवती माताओं को समय पर पौष्टिक आहार और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना स्वस्थ समाज की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विभागीय अमले को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अजय श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर ज्योति सिंह राठौड़, आंगनबाड़ी केंद्र की प्रमुख प्रीति पवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन दीदियों सहित वार्ड की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में परिवारजनों और उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा अग्रसेन जयंती महोत्सव

राजनांदगांव। अग्रवाल समाज के अधिष्ठाता देव भगवान अग्रसेन की जयंती को लेकर अग्रवाल सभा द्वारा इस वर्ष भी भव्य अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 4 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ होगा और विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का सिलसिला 11 अक्टूबर को मुख्य समारोह तक चलेगा। महोत्सव में बच्चों, युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल एवं महिला मंडल अध्यक्ष संतोष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष भी अग्रसेन भवन में जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन की प्राचीर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य अतिथि नरेंद्र गोयल ध्वजारोहण कर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। अग्रवाल सभा के सचिव अशोक लोहिया ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन ही विभिन्न आयोजन होंगे। महिला मंडल की सचिव सुषमा अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के लिए दोपहर 3 बजे से ओरिगामी, वेस्ट से बेस्ट, गीता के श्लोक एवं रामायण प्रश्नावली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। बच्चों में उत्साह बढ़ाने एक मिनट का रोमांचक गेम भी रखा गया है। नवयुवक मंडल सचिव हर्षित अग्रवाल ने बताया कि 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ब्लाइंड मेकअप प्रतियोगिता आयोजित होगी। शाम 5 बजे 'गीता के ज्ञान से सफलता की ओर' विषय पर गगन लड्ढा द्वारा मोटिवेशन स्पीच दिया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन हैं। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।



आज शाम नहीं होगी पानी सप्लाई

राजनांदगांव। इस बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई की जा रही है। टंकी सफाई की कड़ी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण सिंगदई मोहड टंकी नहीं भर पाएगी। इस वजह से उक्त टंकी से कल 1 अक्टूबर को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 2 अक्टूबर से पानी की सुचारू आपूर्ति की जाएगी। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि बारिश में नगरवासियों को साफ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल 1 अक्टूबर को सिंगदई मोहड टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि सिंगदई मोहड टंकी सप्लाई क्षेत्र मोहड़, सिंगदई, हल्दी क्षेत्र में कल 1 अक्टूबर की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 2 अक्टूबर को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है। उक्त टंकी की पूर्व में 22 जनवरी 2026 को सफाई कराई गई थी।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

डोंगरगढ़। स्वास्थ्य विभाग ने कल 1 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। यह आयोजन सुबह 9 से संध्या 5 बजे तक नवीन अस्पताल में होगा। आयोजकों ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

संभागायुक्त ने मेले की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

क्वांर नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने छिरपानी परिसर डोंगरगढ़ में आयोजित बैठक में अधिकारियों को श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक हर्षिता बघेल, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि पिछले वर्ष सभी के सहयोग से नवरात्रि मेले का आयोजन व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक हुआ था। इस वर्ष भी प्रशासन, पुलिस, मंदिर ट्रस्ट, स्थानीय निकाय, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के समन्वित प्रयास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की संख्या अधिक होने की संभावना को देखते व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की आवश्यकता है। पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, यातायात, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने डोंगरगढ़ के विकास में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक पर्यटन एवं अन्य सुविधाओं के विकास के लिए आगे आएं। प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।



प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य

कलेक्टर ने मेले के दौरान दुकानों में विद्युत एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का सेफ्टी ऑडिट कराने कहा। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त रखने के अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की सहभागिता से डोंगरगढ़ को चरणबद्ध तरीके से प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने एसडीएम और डीएसपी को मंदिर ट्रस्ट, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा, आरपीएफ एवं रेलवे कर्मचारियों की व्यवस्था तथा रेलवे पुल के नीचे जलभराव की समस्या के समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों से समन्वय करने की जानकारी दी।

विभागवार किया जा रहा कार्य

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़कों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पंडाल, यातायात और पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विभागवार कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के साथ यातायात सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के मार्गों की मरम्मत एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। श्रद्धालुओं के मार्गों पर भी पंडाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट को रोप-वे के फिटनेस प्रमाण-पत्र तथा प्रतिदिन आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत संबंधी प्रमाण-पत्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपात स्थिति में रात्रि में भी रोप-वे संचालन की व्यवस्था की जाएगी।

किया जा रहा पत्राचार

कलेक्टर ने बताया कि नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाली कलश यात्रा के लिए रेलवे से आवश्यक सहयोग हेतु पत्राचार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते निजी संस्थाओं की सहभागिता से प्रमुख मार्गों पर प्राथमिक उपचार एवं पैरों में छाले आदि की स्थिति में आवश्यक चिकित्सा सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों से भी सुझाव लिए गए।

जनप्रतिनिध व अधिकारी रहे शामिल

बैठक में नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम डोंगरगढ़ अक्षय दोषी, पुलिस विभाग के अधिकारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनील गट्टानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इंजीनियरों के तबादले का मामला, सदस्यों ने अध्यक्ष को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार को जनपद पंचायत में हुई सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। यहां सत्ता पक्ष के ही लोगों ने अपनी ही पार्टी समर्थित अध्यक्ष को घेरा।

बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान जनपद क्षेत्र के दो इंजीनियरों के स्थानांतरण का मामला गरमा गया और इस मामले को लेकर सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष को घेरना शुरू कर दिया। वहीं सदस्यों ने इंजीनियरों का तबादला निरस्त कर उन्हें यथावत रखने की मांग भी सदन में रखी। इस मामले में जनपद सीईओ मनीष साहू ने बताया कि इंजीनियरों को वापस लाने के लिए एक सदस्य ने मांग की थी।

स्काउट्स गाईड सदस्यता अभियान 12 तक

राजनांदगांव। भारत स्काउट्स-गाइड्स जिला राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड में सदस्यता अभियान 12 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजनांदगांव विकासखंड के इच्छुक नागरिक भारत स्काउट्स-गाइड्स की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

सदस्यता के लिए साधारण सदस्य हेतु 1100 रुपए तथा आजीवन सदस्य हेतु 2100 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक नागरिक कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में सहायक ग्रेड-2 श्रीमती पुष्पा बाघमारे के पास सदस्यता फार्म एवं निर्धारित राशि जमा कर सकते हैं।

लाभार्थियों ने किया अनुभव साझा

अर्जुनी। ग्राम पंचायत में संचालित छह आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नेहा जैन, मंडल महामंत्री दिनेश साहू, मंडल कोषाध्यक्ष विजय जैन, मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिन्हा, कार्यालय प्रभारी भैयालाल साहू एवं पूर्व सरपंच द्रौपती साहू शामिल हुई। कार्यक्रम में नागेश धनकर, ठाकुरराम सोनकर, भूषण सोनकर, लक्ष्मी सोनकर आदि की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा लोन, जननी सुरक्षा योजना अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अनुभव साझा किए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के सेवाभाव की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया।



नगरीय निकाय का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन जिला राजनांदगांव द्वारा नगर निगम के टाउन हाल में पार्षदों के लिए स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों के बारे में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन महापौर मधुसूदन यादव की मौजूदगी में किया गया। कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह वर्मा, पार्षद शैंकी बग्गा सहित पार्षदों एवं नामांकित पार्षदों की उपस्थिति में डॉ. नेतराम नवरत्न मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी शहरी डॉ. अलप्ना लुनिया, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, द्वारा शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहर में संचालित समस्त कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में महापौर मधुसुदन यादव द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलने वाली सेवाओं के बारे में बताया गया एवं शहरी क्षेत्र में 3 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन होने के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी से अपील किया गया कि वहां जाकर निशुल्कः जांच कराने वार्डवासियों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सभी प्रकार की बीमारियों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है। डॉ. अल्पना लुनिया एवं जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन का परिचय व संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी पार्षदों को दिया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

आयुक्त मरकाम द्वारा बताया गया कि शहर के मलिन, झुग्गी बस्तियों में माहमारी संबंधित जगह को चिन्हांकित कर इस पर निगरानी रखे एवं विशेष कार्य योजना तैयार करने पार्षदों से चर्चा की जाए तथा उनसे भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियां आयोजन करने पर सहयोग देने हेतु कहा गया। कार्यशाला को सफल बनाने में उनका विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 54 लोगों का चिकित्सकीय दल के सहयोगी भुपेश साहू, केशव साहू, धनेश्वरी साहू, संजय गबेल, विकास द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया।

एमएलबी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा. शाला राजनांदगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिंदल ने 19 सितंबर को आयोजित कर बताया कि आज महिला किसी क्षेत्र में कम नहीं है, परंतु कभी-कभी यह देखा जाता है कि महिलाओं को टोनही के नाम से प्रताड़ित किया जाता है।

इस संबंध में हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 4 में यदि किसी को टोनही के रूप में पहचान की जाती है तो भले ही उसे किसी प्रकार की क्षति न की जाए, मात्र पहचान करने पर ही टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 4 के अनुसार 3 वर्ष तक का कठोर कारावास तथा जुर्माने का दंड अपराधी को दिया जा सकता है।

यदि किसी को टोनही के नाम से शारीरिक या मानसिक रूप से परेशान किया जाता है तो टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 5 के अनुसार 5 वर्ष तक का कठोर कारावास तथा जुर्माने का दंड अपराधी को दिया जा सकता है। इस संबंध में यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि यदि कोई व्यक्ति यह दावा करें कि वह किसी व्यक्ति पर से टोनही का असर समाप्त कर सकता है तो उसे टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 6 के अनुसार 5 वर्ष तक का कठोर कारावास तथा जुर्माने का दंड दिया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति यह दावा करें कि वह जादू, इस प्रकार की शक्ति से किसी को नुकसान पहुंचा सकता है तो टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 7 के अनुसार 01 वर्ष तक का कठोर कारावास तथा जुर्माने का दंड उसे दिया जा सकता है। टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 8 में इस अधिनियम के उल्लंघन के अपराध के प्रयत्न के लिए मूल अपराध जैसा दंड है। श्री जिंदल ने बताया कि यदि अपराध भारतीय न्याय संहिता 2023 की भी परिधि में आता है तो टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की धारा 3 के अनुसार अपराधी का विचारण दोनों अधिनियमों में होगा।



डीपीएस के लिटरेरी फेस्ट में युगांतर का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली पब्लिक स्कूल के लिटरेरी फेस्ट में युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के श्रेणिक कोठारी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में एकलव्य का किरदार निभाकर प्रथम स्थान अर्जित किया। दिविशा बैद ने अपने शानदार काव्य पाठ के जरिये द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



इसी तरह जानवी लाल, तनिषा जैन और अनन्या गोलछा ने डिबेट प्रतियोगिता में प्रभावी प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। पॉडकास्ट प्रतियोगिता में गीतिका गोलछा और चारूस्मिता साहू ने शानदार प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान अर्जित किया।

इन विद्यार्थियों ने शिक्षक अर्पण मसीह, एलिजाबेथ जॉर्ज, सुखलता कौशिक तथा राजेश चौबे के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच यह शानदार उपलब्धि हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रभावी अभिव्यक्ति के साथ अपने आत्मविश्वास को बढ़ाया। साथ ही प्रतियोगिताओं ने उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने अपनी रचनात्मकता और भाषाई कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी तथा अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदर्श युवा क्रिकेट तत्वावधान में ग्राम नादिया (कु.) में आयोजित ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।



इस अवसर पर जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चन्द्राकर, सरपंच सुरेश रावटे, नेकूराम पटेल, कुशल नेताम, गणेशराम पटेल, विरसिंग पटेल, हजारी पटेल, पारसनाथ पटेल, वासुदेव भंडारी सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन समिति को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

एफआईआर के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला जेल राजनांदगांव में 19 सितंबर को एफआईआर के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने किया।

श्री जिंदल ने बताया कि बीएनएसएस 2023 में अनेक अधिकार दिए गए हैं। बीएनएसएस 2023 की धारा 173 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि संज्ञेय अपराध घटित होने की सूचना इलेक्ट्रानिक माध्यम से भी दी जा सकती है। ऐसे में उक्त सूचना पर सूचना देने वाले व्यक्ति द्वारा तीन दिवस के भीतर हस्ताक्षर करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। महिला संबंधित अपराधों, व्यक्तियों का दुर्व्यापार के मामलों में एफआईआर या तो महिला पुलिस अधिकारी या महिला अधिकारी द्वारा लिखी जाएगी, यदि ऐसे अपराध किसी अस्थायी या स्थायी रूप से मानसिक या शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्ति के विरूद्ध किए जाते हैं तो यदि ऐसा व्यक्ति चाहे तो अपने निवास स्थान या उसकी पसंद के किसी सुगम स्थान पर भी एफआईआर करा सकता है।



श्री जिंदल ने बताया कि ऐसे में एफआईआर अभिलेखन की वीडियो फिल्म तैयार की जाएगी। यदि पुलिस थाना द्वारा एफआईआर नहीं लिखी जाती तो बीएनएसएस 2023 की धारा 173 (4) के तहत एसपी को आवेदन देकर एफआईआर कराई जा सकती है। यदि एसपी को आवेदन देने पर भी एफआईआर दर्ज नहीं होती है तो एसपी को दिए गए आवेदन, शपथ पत्र सहित संबंधित मजिस्ट्रेट को बीएनएसएस 2003 की धारा 175 (3) के तहत आवेदन किया जा सकता है। ऐसे में मजिस्ट्रेट आवश्यक जांच जैसा वह ठीक समझे और पुलिस अधिकारी के निवेदन पर विचार करने के बाद एफआईआर का आदेश दे सकते हैं। यदि किसी लोक सेवक के विरूद्ध एफआईआर उसके शासकीय कर्तव्यों के संबंध में कराना हो तो बीएनएसएस 2023 की धारा 175 (4) के तहत उसके वरिष्ठ अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त होने और संबंध लोक सेवक को सुने जाने के बाद ही मजिस्ट्रेट एफआईआर का आदेश दे सकते हैं।

खुल गया... खुल गया... खुल गया...

कुबोटा

जापानी तकनीक

का शोरुम अब

खैरागढ़ में (छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा) के किसानों के लिए खुशखबरी

पता : राजनांदगांव रोड़, खैरागढ़

दम भी भरोसा भी 8 साल की सुपर वारंटी

कुबोटा मतलब
प्रीमियम प्रोडक्ट



न्यू

बुकिंग प्रारंभ



कुबोटा ट्रक बॉडी हार्वेस्टर लांच

सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स सभी सुविधाएं उपलब्ध



किसान भाईयों के लिए
आकर्षक उपहार



3 साल सुपर वारंटी
+ 1 साल स्टैंडर्ड वारंटी*
+ 2 साल एक्सटेंडेड वारंटी*

*नियम एवं शर्तें लागू

बुकिंग करने डायरेक्ट शोरूम आने पर विशेष छूट



अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण

e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक

4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए

बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर

सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स

बघेल ट्रैक्टर्स

हेड ऑफिस
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ऑफर जानने के लिए कॉल करें: 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

कांग्रेस ने विरोध में घेरा डीईओ दफ्तर, कार्रवाई की मांग

परीक्षा निरस्त कर कार्यक्रम में बच्चों को भेजने से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तिमाही परीक्षा छोड़कर आए थे बख्शी स्कूल के बच्चे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए गए जल, जन सेवा संकल्प यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों की परीक्षा निरस्त कर उन्हें कार्यक्रम में भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया और कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

बीते मंगलवार को शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शासकीय आत्मानंद बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल के विद्यार्थियों को आयोजन में शामिल होने भेजा गया। मंगलवार को ही इन विद्यार्थियों की अंतिम तिमाही परीक्षा भी आयोजित थी, लेकिन प्राचार्य द्वारा स्कूल में होने वाली इस परीक्षा को उच्च अधिकारियों और शिक्षा विभाग के बिना किसी लिखित आदेश एवं अनुमति के निरस्त कर दिया गया। वहीं बच्चों को आयोजन में भेज दिया गया। जिससे उनकी परीक्षा नहीं हो पाई। परीक्षा निरस्त कर बच्चों को राजनीतिक कार्यक्रम में भेजे जाने का मामला सामने आते ही कांग्रेस द्वारा कड़ा विरोध किया गया।



नहीं दिया गया आदेश

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते कांग्रेस ने परीक्षा निरस्त करने को लेकर शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा, जिस पर शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि प्राचार्य को किसी भी तरह का आदेश परीक्षा निरस्त करने और कार्यक्रम में बच्चों को भेजने के लिए नहीं दिया गया था।

नोटिस की जारी

यह गंभीर त्रुटि है, बिना अनुमति परीक्षा निरस्त करने को लेकर प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है और 2 दिन के भीतर उनका जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

-प्रवास सिंह बघेल,
जिला शिक्षा अधिकारी

नहीं ली गई अनुमति

'शहर के शासकीय बख्शी स्कूल की प्राचार्य द्वारा बच्चों को कार्यक्रम में भेजने और शिक्षा संचनालय से जारी शेड्यूल की परीक्षा को निरस्त करने के लिए कोई भी विभागीय अनुमति नहीं मांगी गई। इसके अलावा परीक्षा निरस्त करने को लेकर अभिभावकों को भी जानकारी नहीं दी गई। प्राचार्य ने समग्र शिक्षा के अधिकारी के मौखिक आदेश पर बच्चों को कार्यक्रम में भेजने की बात कही है। इस पूरे मामले की जांच के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कमेटी बना दी गई है। घेराव करने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, अशोक पंजवानी, झम्मन देवांगन, प्रवीण मेश्राम, रोहित चंद्राकर, चेतन भानुशाली, राजा यादव, विशु अजमानी, संदीप सोनी, अरुण देवांगन, अवधेश प्रजापति, सुरेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशासनिक एवं शैक्षणिक लापरवाही मामला : मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि तिमाही परीक्षा निरस्त कर विद्यार्थियों को राजनीतिक कार्यक्रम में ले जाने का कांग्रेस कमेटी कड़ी निंदा और विरोध करती है। उन्होंने बताया कि शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा निरस्त कर लगभग 250 विद्यार्थियों को कार्यक्रम में भेजा गया। यह अत्यंत गंभीर प्रशासनिक एवं शैक्षणिक लापरवाही का विषय है। उन्होंने कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन और भविष्य से जुड़ी होती है। किसी राजनीतिक दल अथवा उससे जुड़े कार्यक्रम को विद्यार्थियों की निर्धारित परीक्षा से ऊपर रखना शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने मांग की है।

राइस मिल में घुसकर विवाद, तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राइस मिल में रात के समय नशे में घुसकर विवाद करने के मामले में पुलिस ने तीन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र अंतर्गत आवेदक संतोष नायक ग्राम महाराजपुर ने लिखित आवेदन पेश किया कि 29 सितंबर को अनावेदक कमलेश कुमार कंवर 23 वर्ष, वैभव कंवर 20 वर्ष व दुर्गेश कंवर 23 वर्ष निवासी ग्राम पथराटोला द्वारा शराब के नशे में गुरूदेव राइस मिल ग्राम महाराजपुर पुलिस चौकी चिचोला में घुसकर वाद-विवाद करने लगा।

जिससे आवेदक द्वारा समझाने का काफी प्रयास किया गया, जो पुलिस को बुलाए हो कहकर देख लेने का धमकी दे रहा था, जिसे संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना पर गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

चाकू लहराकर लोगों को डराया, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोपी को चिखली चौकी पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से चाकू जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई के तहत चिखली चौकी क्षेत्र में पुलिस को 29 सितंबर को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति गठुला रोड श्लोका कालोनी के पास आने-जाने वाले लोगों को चाकू लहराकर डरा-धमका कर लोगों में भय उत्पन्न कर रहा है। जिसको गिरफ्तार किया गया है।

घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस ने आरोपी अमन डोंगरे 19 साल वार्ड नं. 9 शंकरपुर को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया।











खबर संक्षेप

परिधि मानिकपुरी का राज्य स्तरीय कबड्डी में चयन

कुण्डा। कुण्डा की प्रतिभावान बेटी परिधि मानिकपुरी कक्षा 7वीं



में अध्ययनरत छात्रा ने खेल के मैदान में भी अपना परचम लहराया है। उनका चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयन की खबर मिलते ही परिजनों, ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है, सभी ने परिधि को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मिली जानकारी के अनुसार परिधि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अव्वल हैं साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी अव्वल है। खेल के प्रति उनकी लगन और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि आज उन्हें राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। यहां बताना लाजिमी होगा कि परिधि एक शिक्षित और खेल प्रेमी परिवार से आती हैं। उनके परदादा स्व लखन दास मानिकपुरी पूर्व प्रधान पाठक थे, दादा गजाधर दास मानिकपुरी पूर्व शिक्षक (पीटीआई) रह चुके हैं। उनके पिता भी एक अच्छे क्रिकेटर रहे हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर परिधि ने खेल को अपनाया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि परिधि की यह उपलब्धि कुण्डा क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्हें दादा गजाधर दास मानिकपुरी, पिता रोहित दास मानिकपुरी, माता अंबिका मानिकपुरी, चाचा मोहित मानिकपुरी, सोनू मानिकपुरी, समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, ध्वजाराम चंद्राकर, अमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, सूरज यादव, वागीश चंद्राकर, महेश्वर साहू, पन्ना साहू, मोनू विश्वकर्मा, चैतन्य सोनी, प्रधान पाठक मोहन राजपूत, शिक्षक कलीराम चन्द्राकर, सालिक यादव व राजेश सोनी सहित ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

वनांचल में पशुओं में रहस्यमयी बीमारी से क्षेत्र के पशुपालक चिंतित

- समय पर टीकाकरण और जागरूकता के अभाव में पशुधन को नुकसान, गरीब परिवारों की आजीविका पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

तहसील कुकदुर के वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में पशुओं में फैल रही विभिन्न बीमारियों को लेकर पशुपालकों में चिंता बढ़ती जा रही है। ग्राम नेऊर, बदना, महीडबरा सहित आसपास के गांवों में गाय, भैंस, बछड़े और बकरियों के बीमार होने तथा कुछ पशुओं की मृत्यु की जानकारी सामने आई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पशुधन ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है, ऐसे में पशुओं की बीमारी और मृत्यु से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो रहा है। ग्राम नेऊर निवासी पशुपालक शिवचरण यादव ने बताया कि उनकी भैंस के दो पड़वे बीमार पड़ गए। बीमारी के दौरान उन्होंने खाना-पीना छोड़ दिया। ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध देशी एवं पारंपरिक उपचार किए गए, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और दोनों पड़वों की मृत्यु हो गई।

वहीं ग्राम बदना के एक पशुपालक ने बताया कि उनकी गाय लंबे समय से पतला एवं असामान्य गोबर कर रही है। ग्राम महीडबरा में भी इसी प्रकार की समस्या पशुओं में देखे जाने की बात सामने आई है। ग्राम नेऊर के पशुपालक शोभूराम और पंचराम ने बताया कि गांव में गाय, बछड़े और बकरियों में ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं, जिनका कारण ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रहा है। उनके अनुसार कुछ पशुओं को अचानक चक्कर आने, दस्त होने तथा शरीर के अंगों के ठीक से काम नहीं करने जैसी समस्याएं हुईं। कुछ मामलों में उपचार के बावजूद पशुओं की मृत्यु भी हो गई। पशुपालकों का कहना है कि यदि गांवों में समय-समय पर टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य शिविर, जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तो कई बीमारियों से पशुओं को बचाया जा सकता है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में पशुपालन विभाग की नियमित गतिविधियां और पशुपालकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पशुधन को हो रहे नुकसान के कारण कई परिवार पशुपालन से पीछे हटने लगे हैं। यदि समय रहते विभाग द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका सीधा असर वनांचल के गरीब पशुपालक परिवारों की आजीविका पर पड़ सकता है।

पशुपालन ही आय का प्रमुख साधन

वनांचल क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण पशुपालन और कृषि पर निर्भर हैं। विशेषकर बैगा आदिवासी समाज के अनेक परिवारों के लिए गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी, बतख और सूअर पालन आय का महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्रामीणों में आधुनिक पशु चिकित्सा एवं रोगों से बचाव की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण वे आज भी काफी हद तक पारंपरिक उपचार पर निर्भर हैं।



पशुधन बचाने के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि पशुपालन विभाग वनांचल के गांवों में विशेष अभियान चलाकर पशुओं की जांच करे। बीमार पशुओं का उपचार, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा टीकाकरण कराया जाए। साथ ही पशुपालकों को बीमारी के शुरुआती लक्षण, बचाव के उपाय, खान-पान एवं स्वच्छता के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। पशुपालकों का कहना है कि गांवों में समय-समय पर टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य शिविर, जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं

7.22 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य, 1.28 किसानों का पंजीयन

धान खरीदी की तैयारी तेज जिले में खुलेंगे 36 नए केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी को लेकर कबीरधाम में तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों को खरीदी केंद्रों तक पहुंचने में सहूलियत देने के लिए जिले में 36 नए उपार्जन केंद्र शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़कर 144 हो जाएगी। शासन ने इस सीजन में जिले से 7 लाख 22 हजार 870 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में इस बार 362 नए उपार्जन केंद्रों को मंजूरी मिली है, जिसमें कबीरधाम में सबसे ज्यादा 36 केंद्र खोले जाएंगे।

नए केंद्रों के लिए स्थल चयन और मैपिंग की प्रक्रिया खाद्य एवं सहकारिता विभाग पूरी कर चुका है। धान खरीदी के लिए जिले में 18,072 गठान जूट बारदाना और इतनी ही संख्या में 18,072 गठान पुराना बारदाना की जरूरत होगी। पुराने बारदानों में मिलर एवं पीडीएस से प्राप्त बारदाने शामिल हैं। बारदानों का भंडारण मार्कफेड के गोदामों में कराया जा रहा है, ताकि खरीदी शुरू होने से पहले पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहे।

संयुक्त खातेदारों का भी होगा एग्रीस्टैक पंजीयन



इस बार एग्रीस्टैक पंजीयन में भी बदलाव किया गया है, अब संयुक्त खाताधारक में दर्ज सभी सदस्यों का एग्रीस्टैक में पंजीयन जरूरी होगा। पिछले साल केवल कृषक परिवार के मुखिया का पंजीयन किया जाता था। खाद्य और राजस्व विभाग द्वारा पंजीयन का काम तेजी से कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सुविधा के लिए लोक सेवा केंद्र और सेवा सेतु के माध्यम से भी पंजीयन किया जा रहा है।

एग्रीस्टैक पंजीयन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तक

धान खरीदी शुरू होने से पहले कर्मचारियों को प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तय कर दिया गया है। 14 अक्टूबर को विपणन संघ मुख्यालय में मास्टर ट्रेनरों की कार्यशाला होगी। इसके बाद मास्टर ट्रेनर 19 से 27 अक्टूबर तक जिले में समितियों के नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देंगे।

तैयारी करने की डेडलाइन

खरीदी केंद्रों की प्रारंभिक तैयारियां 25 अक्टूबर तक पूरी करनी होंगी। वहीं संग्रहण केंद्रों में धान भंडारण शुरू होने से पहले की तैयारियां 5 नवंबर 2026 तक पूरी करने के निर्देश हैं। विभाग का जोर खरीदी शुरू होने से पहले केंद्रों पर बारदाना, स्टाफ और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर है।

जिला विपणन अधिकारी, किशोर चंद्रा

मनुष्य जीवन दुर्लभ, भजन-दान से इसे सार्थक करें: पं. संजय तिवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वामन भगवान की निकली झांकी

कथा के चौथे दिन समुद्र मंथन और वामन अवतार प्रसंग के दौरान भगवान वामन की दिव्य झांकी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान वामन के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कथा के समापन पर महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्राम कोसमंदा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में चौथे दिन आचार्य पं. संजय तिवारी महाराज ने समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े सौभाग्य से मिलता है। इसी जीवन में परमात्मा की प्राप्ति के साथ भजन, दान, पूजन, जप और तप के माध्यम से जीवन को सार्थक किया जा सकता है।

आचार्य ने कहा कि मनुष्य को सांसारिक सुख-सुविधाओं के साथ सेवा, दान और भजन के माध्यम से पुण्य अर्जित करना चाहिए। मनुष्य ने जो कुछ संसार में संग्रह किया है, यह जरूरी नहीं कि उसका भोग उसे मिल ही जाए। मृत्यु कभी भी जीवन का अंत कर सकती है। इसलिए जीवन रहते ही सेवा, दान और भक्ति के माध्यम से इसे सार्थक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गज, ग्राह और गणिका भी भगवान श्रीहरि के नाम के प्रभाव से मुक्ति को प्राप्त हुए। कलयुग में भगवान का नाम ही साधना का प्रमुख आधार है।

उन्होंने कहा कि कलयुग को हिरण्यकश्यप के समान और भगवान का नाम जप करने वाले मनुष्य को प्रहलाद के समान माना जा सकता है। कथा के दौरान महाराज ने कलयुग में दान के महत्व को बताते हुए महाराज बलि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान वामन को अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। जो व्यक्ति पूर्ण समर्पण करता है, उसके रक्षक स्वयं भगवान बन जाते हैं। मान्यता है कि भगवान आज भी सुतल लोक में महाराज बलि के द्वारपाल के रूप में विराजमान हैं। आचार्य ने कहा कि साधकों को मां लक्ष्मी के साथ भगवान श्रीनारायण की भी उपासना करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि वामन अवतार की कथा का विस्तार वामन पुराण और मत्स्य पुराण में मिलता है। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने और सुनाने वाले दोनों के मन में कथा के प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना आवश्यक है, तभी कथा आयोजन की सार्थकता है।

क्षेत्र में गूंजा सेवा और सहभागिता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फी

चिल्फी, बोक्करखार एवं झलमला क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं को समुदाय से जोड़ना, बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य-पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 05 बंगलाटिकरा सहित क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों में बच्चों, माताओं एवं समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता



की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश तिवारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए परिवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और समुदाय का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। परियोजना अधिकारी नमन देशमुख के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा एवं महिलाओं से संबंधित सेवाओं को प्राथमिकता के साथ समुदाय तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

घुमंतू पशुओं पर नहीं अंकुश अन्नदाता फसल को लेकर चिंतित

- खेतों में घुसकर धान की फसल को रौंद रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

क्षेत्रों में इन दिनों घुमंतु पशुओं के कारण क्षेत्र के किसान परेशान हैं, खेतों में खड़ी धान की लहलहाती फसल को मवेशियों के झुंड नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसमें ग्राम कोलेगांव, महली, कोडापुरी, महका, दामापुर, सैहामालगी, पेंड्रीकला, भगतपुर, पंवरजली, सुकरी गोविंद, पौनी जैतपुरी, सेमरकोना, सूरजपुर, हथमुड़ी और नवागांव सहित आसपास के किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि दिन-रात मेहनत कर खाद, बीज और पानी की व्यवस्था करते हुए उन्होंने धान की फसल तैयार की है। अब जब फसल खेतों में खड़ी है, ऐसे समय में घुमंतु पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर धान की फसल चरने के साथ ही पैरों से रौंदकर उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई किसानों को फसल बचाने के लिए रात में भी खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ पशुपालक जब तक गाय-उपयोग में आते हैं, तब तक उनकी देखभाल करते हैं।



लेकिन पशुओं के बूढ़े होने या दूध देना बंद करने के बाद उन्हें खुले में छोड़ दिया जाता है। यही घुमंतु मवेशी अब सड़कों और खेतों में घूमते हुए किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। जिस पर क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से घुमंत पशुओं की रोकथाम के लिए प्रभावी व्यवस्था करने, पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने तथा खेतों में फसल को नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

बांधा स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला बांधा में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर एवं आसपास के स्थानों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों और ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से शाला प्रबंध समिति के सदस्यों, रसोइया एवं सहायक रसोइया तथा सफाईकर्मी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की और कचरे को एकत्रित कर उचित स्थान पर निपटाने का कार्य किया।

सेवा अभियान के तहत रंगोली कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर देश एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 कार्यक्रम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में प्रतिदिन अनेकानेक कार्यक्रम तिथिवार निर्धारित है। स्वच्छता अभियान अंतर्गत निकाय में कार्यरत स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय पिपरिया में विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वच्छता से संबंधित 70 प्रकार के अनेकानेक संदेशात्मक



रंगोली तैयार किया। छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार रंगोली का अवलोकन करने के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य विनोद चंद्रवंशी द्वारा विद्यालय परिसर में पहुंचे साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षदगण कमल कांत नाविक, दुर्गेश साहू, जनप्रतिनिधि नंदा पाटिला का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय द्वारा तैयार उक्त रंगोली कार्यक्रम में निकाय के अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षद कमल कांत नाविक, दुर्गेश साहू, जनप्रतिनिधि नंदा पाटिला, विद्यालय के प्राचार्य विनोद चंद्रवंशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं एवं निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे जानलेवा, आवागमन में हो रहीं भारी दिक्कतें

क्षेत्र की सड़क जर्जर, जिम्मेदार बेपरवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी तथा कुआंमालगी से अमलीमालगी-निगापुर तक जाने वाली सड़कें इन दिनों बदहाली का शिकार हैं। सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति देखकर ऐसा लगता है जैसे इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। कोलेगांव-अमलीमालगी मार्ग की हालत करीब ढाई किलोमीटर नहर पार मार्ग की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

कई स्थानों पर डामर का नामोनिशान नहीं है और सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। बताया जाता है कि इस मार्ग से स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ संजीवनी वाहन 108, महतारी एक्सप्रेस 102 और वाहन 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी गुजरते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं और मरीजों को अस्पताल ले जाते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है।

छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से सायकिल के माध्यम से शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव पहुंचते हैं, यह मार्ग कोलेगांव, कुंडा और मुंगेली क्षेत्र को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है। आसपास के दर्जनों गांवों के लोग बैंक, कॉलेज और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसी सड़क से आवागमन करते हैं।

ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत कार्य की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि महत्वपूर्ण सड़कों का जल्द से जल्द निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए। यदि सड़क की व्यापक मरम्मत संभव नहीं है तो इसके लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कर सड़क का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े-बड़े गड्ढों के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। समय रहते सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• योन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अपराध : चोरी की रकम में से 11.53 लाख रुपए बरामद, रकम छिपाने में पिता की भूमिका

12.50 लाख रुपए की चोरी का खुलासा पिता-पुत्र सहित दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मजगांव में घर से 12.50 लाख रुपये चोरी होने की घटना का कबीरधाम पुलिस ने प्रभावी ढंग से खुलासा करते हुए पिता-पुत्र सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ एवं उनकी निशानदेही के आधार पर चोरी की रकम में से 11,53,000 रुपये बरामद किए गए हैं। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर खुलासा किया है कि ग्राम मझगांव निवासी हीरालाल साहू, पिता गोवर्धन साहू, आयु 36 वर्ष ने गत 24 सितम्बर 2026 को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 15 सितम्बर 2026 की शाम लगभग 06:00 बजे से 07:00 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर में प्रवेश कर घर में रखे 12.50 लाख रुपये चोरी कर लिए गए हैं।

प्रार्थी के अनुसार वह ट्रांसपोर्ट, मटेरियल सप्लाई एवं कृषि संबंधी कार्य करता है, जिसके कारण उसके पास रकम का लेन-देन होता रहता है। घटना के समय परिवार के लोगों द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को घर से निकलते हुए देखा गया था।

संदिग्ध ने चेहरे को गमछे से ढक रखा था। घटना के संबंध में पड़ोसी के मकान की छत के रास्ते घर में प्रवेश करने की आशंका भी व्यक्त की गई थी। घटनास्थल के आसपास से शराब की शीशी, कुएं में फेंका गया पर्स तथा गली में रकम रखने वाला खाली बैग भी मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 415/2026, धारा 305(ए), 331(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

इस मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में संयुक्त विशेष टीम गठित की गई। संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों, संदिग्ध गतिविधियों एवं तकनीकी जानकारी का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मैदानी स्तर पर भी लगातार पतासाजी की गई।



आरोपियों से चोरी के 11,53,000 रुपए बरामद

पूछताछ में आरोपी कमलेश पटेल द्वारा अगले दिन अपने पिता भागवत पटेल, पिता स्व. प्यारे पटेल, उम्र 50 वर्ष को चोरी की घटना एवं रकम के संबंध में जानकारी देना बताया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं उनके द्वारा बताए गए स्थानों की निशानदेही के आधार पर चोरी की रकम में से 11,53,000 रुपये बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी कमलेश द्वारा चोरी की रकम में से कुछ राशि खर्च कर दिए जाने की बात बताई गई है। आरोपी द्वारा पर्स में रखी छोटी रकम में से लगभग 47 हजार रुपये खाने-पीने आदि में खर्च करना बताया गया है। तथा आरोपी पिता के द्वारा 50 हजार रुपये वाहन बनवाने एवं पार्ट्स खरीदने में खर्च हो जाने की जानकारी दी गई है। पुलिस द्वारा बरामद रकम को प्रकरण में विधिवत जप्त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस संपूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश जायसवाल, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर तथा साइबर थाना टीम से सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी सहायक उप निरीक्षक आशिष सिंह, आरक्षक अमित ठाकुर, अजय वैष्णव, गज्जू राजपूत एवं सिटी कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

छत से पड़ोसी के घर में दाखिल हुआ आरोपी

पुलिस की जांच एवं पूछताछ में सामने आए तथ्यों के अनुसार आरोपी कमलेश पटेल, पिता भागवत पटेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मजगांव ने घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि 15 सितम्बर 2026 को गणेश चतुर्थी होने के कारण गांव के लोग गणेश पंडाल में व्यस्त थे। आरोपी शाम करीब 05:30 बजे अपने पुराने मकान में गया और अंधेरा होने का इंतजार करता रहा। आरोपी का पुराना मकान एवं प्रार्थी हीरालाल साहू का मकान आपस में जुड़े हुए हैं तथा छत के रास्ते एक-दूसरे के मकान में जाया जा सकता है। अंधेरा होने के बाद आरोपी अपने पुराने मकान की छत से हीरालाल साहू के मकान की छत पर पहुंचा और छत के रास्ते कमरे में प्रवेश किया। कमरे में लगे बल्ब को निकालकर अलग रखने के बाद आरोपी ने आलमारी खोली। आलमारी के दराजों में रकम नहीं मिलने पर उसने लॉकर खोलकर उसमें रखे 500, 200 एवं 100 रुपये के नोटों के बंडल तथा पर्स निकाल लिए और उन्हें रखकर मौके से फरार हो गया।

विज्ञान को आसान और रोचक बनाएगा का साइंस पार्क



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के मजगांव रोड स्थित ऊर्जा पार्क परिसर में विकसित किए गए साइंस पार्क का कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने निरीक्षण किया।

उन्होंने पार्क में स्थापित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन कर बच्चों एवं विद्यार्थियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सुविधाओं और शेष निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम चेतन साहू, डीईओ एफआर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा विकसित करने के उद्देश्य से ऊर्जा पार्क परिसर में साइंस पार्क तैयार किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से यहां विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल स्थापित किए गए हैं। इन मॉडलों को बीएम बिड़ला विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद द्वारा डिजाइन एवं विकसित किया गया है।

साइंस पार्क में गुरुत्व केन्द्र ध्वनि संचरण, न्यूटन के गति के नियम, सौर ऊर्जा, ऑप्टिकल भ्रम और पास्कल सिद्धांत सहित 34 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग एवं प्रदर्शन मॉडल लगाए गए हैं। इनके माध्यम से बच्चे विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को प्रयोग और गतिविधियों के जरिए सरल एवं रोचक तरीके से समझ सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों और आगंतुकों की सुविधा के लिए शौचालय सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था समय पर पूरा करने को कहा।

खबर संक्षेप

2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग के आदेश के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 02 अक्टूबर 2026 को कबीरधाम जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार शुष्क दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें तथा एफएल-3 (ग) पर्यटन बार, मद्यभण्डारण भाण्डागार एवं मदिरा दुकानों के संलग्न आहता पूर्णतः बंद रहेंगी। साथ ही जिले में मदिरा की बिक्री, परिवहन, वितरण एवं धारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस के दौरान शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं आबकारी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शुष्क दिवस के दौरान किसी भी प्रकार की मदिरा की अवैध बिक्री, धारण अथवा परिवहन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

कवर्धा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी। जनदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वडनगर से वाराणसी जा रही जल जन बाइक रैली का भव्य स्वागत

दो दिवसीय आयोजन में कई कार्यक्रम



■ जिला भाजयुमो द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वडनगर से वाराणसी की ओर जा रही जल जन बाइक रैली का कबीरधाम जिले में दो दिवसीय प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

29 एवं 30 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के मार्गदर्शन में भाजयुमो जिला कबीरधाम के तत्वावधान में हुआ। जिला अध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने बताया कि रैली के माध्यम से जनसंपर्क, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

पहले दिन 29 सितंबर को रेंगाखार मंडल के धवईपानी से बाइक रैली की शुरुआत हुई। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रैली का स्वागत किया। बाइकर्स और कार्यकर्ताओं का जत्था बंजारी मंदिर में दर्शन के बाद बोड़ला पहुंचा, जहां मंडल कार्यकर्ताओं ने मंचीय स्वागत किया। बोड़ला के हिंदू संगम में आदिवासी बैगा समुदाय के साथ सामूहिक भोज आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के स्वच्छता दूतों का सम्मान भी किया गया।

कवर्धा के सिग्नल चौक पर ऐतिहासिक स्वागत

कवर्धा शहर के सिग्नल चौक पर स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने राउत नाचा व आतिशबाजी के साथ रैली का स्वागत किया। पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण से बाइकर्स का अभिनंदन किया गया। इसके बाद बाइकर्स ने शहर में अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शाम को उमेश उत्सव उद्यान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

सेवा वाटिका में किया वृक्षारोपण

दूसरे दिन 30 सितंबर को रैली की शुरुआत उमेश उत्सव उद्यान से हुई। सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा भगुटोला में सेवा वाटिका कार्यक्रम के तहत व्यापक वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद रैली पोंड़ी, पाण्डातराई होते हुए हरिनाला पंडरिया पहुंची। इस दौरान पारंपरिक स्वागत और जनसंपर्क कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, सांसद संतोष पांडेय, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर पीयूष सिंह, प्रदेश मंत्री व कार्यक्रम प्रभारी आकाश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला प्रभारी आयुष सिंह, सह प्रभारी डॉ. संस्कृति वर्मा, रूट प्रभारी मनीराम साहू, जिला पंचायत सभापति वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

नन्हीं चांदनी के हाथों नए आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कवर्धा विधानसभा के सुदूर अंचल बोक्कर खार में बुधवार को नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण, आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम एवं पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने नन्हीं बच्ची चांदनी मेरावी के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण तब आया, जब नवीन आंगनबाड़ी भवन का फीता आआंगनबाड़ी में पढ़ने वाली नन्हीं बच्ची चांदनी के हाथों कटवाकर भवन का शुभारंभ कराया गया।

बच्चों के भविष्य की पहली पाठशाला है आंगनवाड़ी। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल ने कहा कि आंगनवाड़ी गांव के बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला है। यहां बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के साथ उनके भविष्य की नींव तैयार होती है।

उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से नए भवन का शुभारंभ उस बच्ची के हाथों कराया गया, जिसके बेहतर भविष्य के लिए यह भवन बनाया गया है। बच्चों की मुस्कान ही विकास की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। गांव, गरीब, महिला और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना विकास की वास्तविक सार्थकता है।



कार्यकर्ताओं व मितानिनों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। पोषण चौपाल में ग्रामीण महिलाओं से मातृ एवं शिशु पोषण, स्वास्थ्य तथा बच्चों के समुचित विकास को लेकर संवाद किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राम किंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, जनपद सभापति छोटेलाल मरकाम, सरपंच मंगतूराम, सरपंच सुरेश धुर्वे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष परेटन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्री-मैट्रिक छात्रावास पांडातराई में की गई विद्यार्थियों की आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्री-मैट्रिक छात्रावास पांडातराई में विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया।



स्वास्थ्य दल ने विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की तथा आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। नेत्र परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की दृष्टि की जांच के साथ आंखों से संबंधित संभावित समस्याओं की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य दल द्वारा विद्यार्थियों को आंखों की नियमित देखभाल, स्वच्छता और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों के संतुलित उपयोग तथा आंखों में किसी प्रकार की परेशानी होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया।

जांच के दौरान जिन विद्यार्थियों में नेत्र संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं आगे की जांच के लिए मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने नेत्र परीक्षण में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वास्थ्य विभाग एवं छात्रावास प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को नजरअंदाज न करने के लिए प्रेरित किया गया।

छिरहा में नुक्कड़ नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विगत 17 सितंबर से दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय में लगातार विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में छात्रों ने अभिनय कला का प्रदर्शन करते हुए समाज को संवेदनशील मुद्दों पर जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया। कक्षा दसवीं की छात्रा वंदना और पल्लवी की टीम ने अपने मंचन के माध्यम से जंकफूड के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को उजागर किया और कुपोषण को दूर करने के व्यावहारिक उपाय सुझाए।

भोरमदेव पुलिस ने की कार्रवाई, करीब 45 हजार कीमत की तीन भैंसें बरामद

भैंसों को कत्लखाना ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव थाना की पुलिस ने भैंसों को अवैध रूप से कत्लखाने ले जाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 नग भैंसों को बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ मवेशियों को बिना चारा-पानी की उचित व्यवस्था के पैदल कत्लखाने की ओर ले जाया जा रहा है। इसके बाद थाना भोरमदेव की टीम मौके पर पहुंची।

जांच के दौरान तीन भैंसों को क्रूरतापूर्वक पैदल ले जाते हुए पाया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा भैंसों को अवैध रूप से कत्लखाने ले जाना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने कुंभलाल विश्वकर्मा आयु 60 निवासी रौचन और ईतवारी यादव आयु 45 निवासी पिपरिया को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 43/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 की धारा 11(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।



मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ग्राम अचानकपुर के गौठान के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। उनके कब्जे से 45 हजार रुपए कीमत की 3 भैंस बरामद की गई हैं। तीनों भैंसों को जब्त किया गया, जिनकी कुल कीमत 45 हजार रुपए बताई गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक दिनेश झरिया, तेज लाल निषाद और आरक्षक अभिनय तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार, पशुओं के अवैध परिवहन और उनके प्रति क्रूरता से जुड़े मामलों में निगरानी रखकर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

प्राथमिक शाला नवागांव में नेवता भोज आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव को संकुल मानिकचौरी में नेवता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक प्रेम नारायण शर्मा द्वारा अपने पूज्य पिताजी की पितृपक्ष की पंचमी तिथि के शुभ अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नेवता भोजन की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के उद्देश्यों के अनुरूप बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रधान पाठक प्रेम नारायण शर्मा ने कहा कि पितृपक्ष के अवसर पर विद्यार्थियों को भोजन कराना सेवा, संस्कार एवं सामाजिक दायित्व की भावना से जुड़ा कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विसर्जन राम साहू सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष केसलाल साहू एवं ग्राम के दाऊ योगेश चंद्रवंशी ज्ञानेंद्र चंद्रवंशी जगदीश चंद्रवंशी दीपेश ध्रुवे नरोत्तम चंद्राकर राजा चंद्रवंशी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने नेवता भोजन आयोजन के लिए प्रधान पाठक प्रेम नारायण शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।